CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38°C न्यूनतम: 25°C
सेंसेक्स 81,118.60 24,718.60
सोना 1,03,000 चांदी 1,10,000

मुरादाबाद, रविवार 15 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 305 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 18 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**10 मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने वर्ल्डकप में जीता गोल्ड**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# 100 ताबूत होंगे तैयार, मृतकों का आंकड़ा 275 पर पहुंचा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 तक पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूतों का ऑर्डर दिया गया।

बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एयर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा कि अब तक 248 शवों का डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 6 का डीएनए मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि पूर्णिमाबेन पटेल का शव उनके परिवार को सौंपा गया है। एक और परिवार को बॉडी हैंडओवर की प्रक्रिया जारी है। 8 घायलों इलाज का चल रहा है, इसमें एक की हालत गंभीर है। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमार्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।



**डीएनए जांच में अब तक छह शवों की पहचान हुई**

**अहमदाबाद विमान हादसा**

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच करेगी उच्चस्तरीय समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापु राम मोहन नायडु ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री नायडु ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के तीन घंटे बाद जब वह अहमदाबाद में घटनास्थल पर पहुंचे तो गुजरात सरकार की एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में लगी थी।

# सरकार ने फिर बढ़ाई फ्री आधार कार्ड अपडेट की तारीख

**नई दिल्ली।** यूआईडीएआई ने एक बार फिर देश के करोड़ों आधार कार्ड धारकों को बड़ी राहत दी है। आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपलोड की आखिरी तारीख को अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

पहले डॉक्यूमेंट के साथ फ्री आधार अपडेट की आखिरी तारीख 14 जून 2025 थी, लेकिन अब इसे 14 जून 2026 कर दिया गया है। इसकी जानकारी यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करके दी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि जिनके पास भी 10 साल या इससे पुराना आधार कार्ड है उन्हें पहचान और एड्रेस प्रूफ के साथ अपने आधार को अपडेट करना होगा यानी यदि आपके पास 10 साल पुराना आधार कार्ड है और इस अवधि में एक बार भी आधार अपडेट नहीं हुआ है, तो आपको अपडेट कराना होगा, नहीं तो आपका आधार कार्ड रद्द भी हो सकता है।



# इजरायली हमले में 138 ईरानियों की मौत

## मृतकों में नौ न्यूक्लियर साइंटिस्ट व 20 से ज्यादा कमांडर्स शामिल

तेहरान/तेल अवीव, वार्ता

**इजरायल और ईरान** के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी रहा। पिछले 24 घंटे में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजरायल ने शुक्रवार रात 10.30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5.30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे।

ईरान ने भी शुक्रवार रात इजरायली हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजरायल में अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है। 7 जवान सहित 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। ईरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजरायली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजरायल ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने इजरायल पर और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे। ईरान ने दावा किया है कि उसकी दर्जनों मिसाइलों ने इजरायली शहरों को नुकसान पहुंचाया है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने इजरायली हमले में मारे गए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के -शेष पृष्ठ दो पर



- इजरायली रक्षा मंत्री की धमकी, और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे
- ईरान का पलटवार, 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, इजरायल में अब तक तीन लोगों की मौत, सात जवानों सहित 90 से अधिक घायल

## ईरान ने इजरायल के दो लड़ाकू विमान मार गिराए: मीडिया

**तेहरान/यरूशलम।** ईरान की वायु रक्षा ने इजरायल के दो लड़ाकू विमानों के साथ-साथ बड़ी संख्या में माइक्रो एरियल वाहनों को मार गिराया एवं एक महिला इजरायली पायलट को पकड़ लिया है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। ईरानी सेना ने आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। इजरायल रक्षाबलों (आईडीएफ) ने रिपोर्ट को खारिज कर दिया। एक बयान में आईडीएफ अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्रेई ने आरोपों को 'पूरी तरह से निराधार' कहा।

# मानसून ने कहर बरपाना किया शुरू

## पुणे में गाड़ियां बहीं, हिमाचल में लैंडस्लाइड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। मध्य प्रदेश में 16 जून तक मानसून की एंट्री हो सकती है। वहीं राजस्थान के जैसलमेर में शनिवार सुबह बारिश हुई।

मौसम विभाग ने 23 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। शुक्रवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया था। इससे पहले श्रीगंगानगर में एक जून 2018 को 49.1 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया था। श्रीगंगानगर में जून महीने का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान 14 जून 1934 को 50 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी, पंजाब-हरियाणा समेत देश के 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। उधर बीती रात पुणे में भारी बरसात हुई। पिंपरी चिंचवड़ शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नाले में चार से पांच गाड़ियां बह गईं, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हिमाचल के चंबा जिले में लैंडस्लाइड हुई। हरियाणा में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि महिलाएं गर्मी के पीक आवर्स में खाना न बनाएं। इसके साथ यह भी कहा है कि प्यास न हो तब भी पानी पीते रहें।

- मप्र में दो दिन बाद मानसून आएगा, हरियाणा सरकार बोली- महिलाएं दोपहर में खाना न बनाएं

## CBI ने ईपीएफओ अधिकारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** सीबीआई ने ओडिशा में ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, बरहामपुर के एक वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक को 10,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने एक शिकायत के आधार पर 12 जून को ईपीएफओ अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने ईपीएफओ पोर्टल पर एक निजी नियोक्ता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आवेदन को मंजूरी देने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

# द. अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियन का पहना ताज

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका की 2025 की टीम ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्डस में एक शानदार अभियान का अंत किया और ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया।

- रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर जीता खिताब

## मोदी आज से 18 जून के बीच तीन देशों की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से 18 जून के बीच कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा पर जाएंगे और वह कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि श्री मोदी पहले चरण में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स के निमंत्रण पर 15-16 जून, 2025 को वहां की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा होगी। निकोसिया में रहते हुए श्री मोदी श्री क्रिस्टोडोलिड्स के साथ बातचीत करेंगे और लिमासोल में व्यापारिक नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

## युवा उद्यमियों के समर्पण से भारत वैश्विक ड्रोन केंद्र बनेगा: पासवान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि युवा उद्यमियों के समर्पण के माध्यम से भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाया जा सकता है। श्री पासवान शनिवार को चेन्नई में गरुड़ एयरोस्पेस की नई कृषि-ड्रोन स्वदेशीकरण सुविधा का उद्घाटन कर ड्रोन तकनीक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दूरदर्शी प्रयासों के लिए गरुड़ एयरोस्पेस और इसके संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को अग्निश्वर जैसे युवा उद्यमियों और गरुड़ एयरोस्पेस जैसी नवोन्मेषी कंपनियों के समर्पण के माध्यम से वास्तव में साकार किया जा सकता है। उन्होंने स्वदेशीकरण फैक्ट्री में स्थानीय पुर्जा निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करने के लिए भारत ड्रोन एसोसिएशन की भी सराहना की।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आधुनिक युग में विश्व को योग की उपयोगिता समझ में आ रही है और लोग इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। सम्मेलन में योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, प्रो. एचआर नागेन्द्र और भिक्खु संघसेना शामिल रहे।

# आईईडी विस्फोट में CRPF का जवान शहीद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के माओवाद प्रभावित सुंदरगढ़ जिले के के. बलांग थाना क्षेत्र में एक पत्थर खदान के पास तलाशी अभियान के दौरान शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट होने के कारण सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन का एक जवान शहीद हो गया।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में उस समय विस्फोट हुआ, जब सीआरपीएफ के जवान जंगल में तलाशी अभियान चला रहे थे। विस्फोट के कारण उत्तर प्रदेश निवासी सीआरपीएफ जवान सत्यभान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि पिछले महीने बांको पत्थर खदान से सशस्त्र माओवादियों द्वारा लगभग पांच टन विस्फोटक सामग्री लूटने के बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में अभियान तेज कर दिया है।

- तलाशी अभियान के दौरान हुआ ब्लास्ट

## मणिपुर में 57 किलो से अधिक मादक पदार्थ किया जब्त

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने 57.285 किलोग्राम मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की है। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 22 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान चलाए गए अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाना अंतर्गत न्यू कीथेलमनबी पुलिस चौकी पर इंफाल से आए ट्रक को रोका गया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली और छत के अंदर छिपा कार रखे हुए संदिग्ध प्रतिबंधित सामान को जब्त किया।

# नीट यूजी: राजस्थान के महेश बने टॉपर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किया गया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 अंक प्रतिशत हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। एनटीए ने नीट यूजी 2025 के लिए सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/ ईडब्ल्यूएस, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) -शेष पृष्ठ दो पर



- मप्र के उत्कर्ष अवधिया दूसरे व महाराष्ट्र के कृषांग जोशी तीसरे स्थान पर रहे

## 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है।

# IMA से ही शुरू हुआ था श्रीलंका सेना प्रमुख का सफर

## पीओपी परेड में ली बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने सलामी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को आयोजित 156वीं पासिंग आउट परेड खास बन गई।

पहली बार आईएमए के एक पूर्व कैडेट ने बतौर श्रीलंका सेना प्रमुख परेड की सलामी ली। निरीक्षण अधिकारी श्रीलंका सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने कहा कि वह यहां आकर भावुक हैं। उनके सैन्य जीवन की शुरुआत भी इसी धरती से हुई थी। यहीं अनुशासन सीखा और जीवन के मायने समझे। कहा कि आप सभी में मुझे अपना ही अक्स दिखाई दे रहा है। आईएमए के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश -शेष पृष्ठ दो पर



## संयुक्त स्नातक परेड में 254 फ्लाइट कैडेट भारतीय वायुसेना में शामिल

**हैदराबाद।** हैदराबाद के पास डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी (एएफए) में शनिवार को संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) आयोजित की गई, जिसमें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के 254 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण का सफल समापन संपन्न हो गया। इस परेड में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और स्नातक कैडेटों को राष्ट्रपति का कमीशन प्रदान किया। प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल तेजिदर सिंह और एएफए के कमांडेंट एयर मार्शल पीके वोहरा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के सात अधिकारियों और एक विदेशी प्रशिक्षु को उड़ान प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ रक्षा अधिकारी और कैडेटों के परिवार भी मौजूद थे।



# योगी के आदेशों को नहीं मान रहे अधिकारी

## आम के हरे-भरे फलदार पेड़ों पर चलवा दी आरी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** मंडावर में उद्यान विभाग और वन विभाग की मिलीभगत से हरे-भरे आम के पेड़ों की कटाई की जा रही है। इस समय सरकार के मुख्य योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर करोड़ों पेड़ लगवाने का लक्ष्य दिया और बड़ी धूमधाम से करोड़ों पेड़ लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। एक तरफ सूबे के मुख्या पेड़ लगाने पर जोर देते है और दूसरी ओर बेलगाम अधिकारी माफियाओं से मिलकर हरे भरे फलदार पेड़ कटवाते है।

उद्यान विभाग और वन विभाग की मिलीभगत से मंडावर क्षेत्र में हरे-भरे आम के पेड़ों को दिनदहाड़े इलेक्ट्रॉनिक आरी से काटा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार लकड़ी ठेकेदार अपने आपको किसान यूनियन टिकैत का नेता कहता है। इतना ही नहीं अपने साथ राकेश टिकैत के फोटो अधिकारियों को दिखाकर रोब गालिब करता है और अपना अवैध काम आसानी से निकलवा लेता है।

लकड़ी माफिया द्वारा उद्यान विभाग से परमिट हासिल कर हरिहर पुलिस चौकी के पीछे लक्ष्मी वाले बाग में व मंडावर बिजनौर रोड चुंगी पर दो अलग-अलग स्थानों पर हरे-भरे फलदार आम के पेड़ों की कटाई की गई। आरोप है कि किसान नेता ने नोटों की गड्डियां देकर दो दिनों के भीतर परमिट हासिल किए और बड़े पैमाने पर पेड़ों को नष्ट किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्यान विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी पर उतर आए हैं और योगी राज में बेलगाम हो गए हैं। इस समय आम की फसल अपने पूरे शबाब पर है और मंडावर का आम देश विदेश में जाता है। ऐसे वक्त में उद्यान विभाग द्वारा फलदार हरे भरे पेड़ों के काटने की परमिशन कैसे दे सकता है। लोगों में चर्चा का विषय बन हुआ है। वहीं जब इस मामले में उद्यान विभाग के अधिकारियों से बात की गई, तो उन्होंने दावा किया कि मंडावर क्षेत्र में कोई परमिट जारी नहीं किया गया। हालांकि, ठेकेदार हरे-भरे आम के पेड़ों के परमिट दिखा रहे हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि विभाग की भूमिका संदिग्ध है।

दूसरी ओर वन क्षेत्राधिकारी महेश कुमार गौतम ने बताया कि वन विभाग द्वारा परमिट उद्यान विभाग की रिपोर्ट के आधार पर जारी किया गया। जिसमें उद्यान विभाग ने पेड़ों को सूखा दर्शाया है। जो कि गलत है। हरे भरे पेड़ों को उसमें सूखा पेड़ दिखाए गए है। उसके बाद भी माफियाओं ने छह पेड़ काट डाले। इस मामले में सरताज अहमद पुत्र फरीद अहमद, मरगुब कुरैशी और लक्ष्मी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। साथ ही, परमिट रद्द करने के लिए पत्र लिखा गया है और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी रिपोर्ट भेजी जा रही है।

यह मामला पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर चिंता का विषय है। हरे-भरे आम के बागों की अवैध कटाई न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को भी खतरे में डाल रही है। इस मामले में स्थानीय प्रशासन और उच्च अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है ताकि माफियाओं और भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम लगाई जा सके।

उधर अपने आप को किसान यूनियन (टिकैत) का नेता बताने वाले सरताज ने काटे आम के पेड़, यूनियन के पदाधिकारियों ने नेता से झाड़ा पल्ला। उन्होंने कहा हमारा कोई लेना देना नहीं। न ही वह किसान यूनियन का कोई पदाधिकारी या कार्यकर्ता हैं।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर पर जानलेवा हमला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर नगर में अज्ञात तीन युवकों ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर के साथ मारपीट कर उसपर जानलेवा हमला किया। मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित मैनेजर ने पुलिस सूचना दे दी है।

शनिवार देर शाम जिला हापुड़ के थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव भरना निवासी विकास कुमार पुत्र कृष्ण पाल सिंह नगर के रोडवेज बस स्टैंड के पास माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात हैं। पीड़ित ने बताया कि क्षेत्र में अपना कार्य करके ऑफिस के बाहर बैठ गए। तीन अज्ञात युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आए और उनके हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार थे और आकर मारपीट कर जानलेवा हमला कर दिया। ऑफिस के अंदर बैठे कर्मचारियों ने भागकर बचाया। तीनों अज्ञात युवक मारपीट करके मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल अवस्था में मैनेजर को कर्मचारी थाने लेकर पहुंचे। जहां पुलिस ने घायल मैनेजर का उपचार कराया। पीड़ित के द्वारा अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**शेरकोट।** मनोकामना मंदिर के निकट एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। प्रथम दृष्टया पुलिस को लगता है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर हो सकता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मृतक की शिनाख्त करने और अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए जांच कर रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

## शेरकोट में युवती ने की आत्महत्या

**शेरकोट।** एक युवती ने परिजनों की डांट से नाराज होकर आत्महत्या कर ली। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के गांव पालकी एमन में नीशू पुत्री प्रमोद सैनी (20 वर्ष) ने किसी विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद दुबे ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य छोटे-छोटे समूह बनाकर नारी सशक्तिकरण की तरह हर वर्ग के विशेषकर सबसे निचली सीढ़ी पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करना है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर स्टेशन चौक के निकट पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मुरादाबाद मंडल स्तरीय आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य अतिथि अरविंद दुबे ने कहा कि जो वर्ग एवं व्यक्ति समूह से जुड़कर नहीं रहता उसे घर परिवार एवं समाज का उद्धार नहीं हो सकता इसलिए व्यापारी, दुकानदार, अधिवक्ता, चिकित्सक, मजदूर किसी भी व्यवसाय से जुड़ा हो या किसी भी वर्ग से हो विशेष कर जो समाज की सबसे निचले पायदान पर खड़ा व्यक्ति हो सहकारिता से जुड़े और छोटे-छोटे समूह बनाकर समाज को जगाने का कम करे। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार छोटे वर्ग के लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए आनेको अनेक लाभकारी योजनायें जिनमें कारोबार के लिए व आवासों के लिए लोन योजना चल रही है। जिसका लाभ उठाना है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी यही संकल्प है कि भारत का हर व्यक्ति शक्तिशाली बने तभी भारत खुशहाल देश बन सकेगा। उन्होंने कहा कि देश को शक्तिशाली बनाने में सहकार भारती प्रदेश के 80 जिलों में काम कर रही है। जिसका परिणाम सबके सामने है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार भारती के कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर अलख जगानी है। ताकि संगठन के साथ-साथ केंद्र और प्रदेश सरकार भी मजबूती के साथ खड़ी हो सके। उन्होंने सहकार भारती के कार्यकर्ताओं से छोटे-छोटे समूह बनाने के लिए हर वर्ग के लोगों को जोड़ने का आह्वान किया है।

इस मौके पर विश्वास बिश्नोई व प्रभान सिंह ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि अरविंद दुबे को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रभात चंद गुप्ता की अध्यक्षता व डॉ. भूपेश चौहान के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सतीश कठेरिया प्रदेश मंत्री, विश्वास विश्नोई सह प्रदेश संगठन मंत्री, चौधरी प्रभान सिंह सह गन्ना प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव, चौधरी राजवीर सिंह मुरादाबाद, दीपा शर्मा महिला प्रकोष्ठ, सतवीर सिंह जिला महामंत्री मुरादाबाद, संजीव कुमार संगठन मंत्री, मनोज कुमार मंडल सहसंयोजक मुरादाबाद, साजन सिंह, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सफाईकर्मी की बाइक चोरी

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के गांव फुलसंदी निवासी सफाई कर्मचारी लोकेंद्र सिंह ब्लॉक में ग्राम पंचायत सचिव विशेष कुमार के पास किसी कार्य से आए थे। बताया जाता है कि उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव के कमरे के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर दी। जब वह कार्य करके कमरे से बाहर आकर देखा, तो बाइक गायब थी। बाइक चोरी की शिकायत पुलिस से की गई है।

# भाजपाईयों की विकसित भारत संकल्प सभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भागूवाला मंडल में केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल, विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी का विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल विकसित भारत संकल्प सभा भागूवाला मंडल के मंडल अध्यक्ष कमल सैनी की अध्यक्षता एवं सचिन देशवाल के संचालन में संपन्न हुई। मोटा महादेव मंदिर परिसर में इस सभा को संबोधित करते हुए भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मौलिक तरीका है कि कार्यकर्ताओं के विचार आने परम आवश्यक हैं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। हम सबका दायित्व है कि हमें अपनी रिपोर्ट कार्ड को घर-घर, दर-दर पहुंचाना है।

उन्होंने मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने बूथ अध्यक्ष उदयराज सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेश नीति ने पूरे विश्व में भारत की जय जय कार कराई है। आज हमने आप. रेशन सिंदूर के माध्यम से पड़ौसी देश को धूल चटाकर इतिहास रचने का काम किया है। देश को परम वैभव तक ले जाने के लिए देश के प्रधानमंत्री कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमारी सरकार क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए कार्य कर रही है। बस आवश्यकता इस बात की है कि हम इसकी चर्चा करें और विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही ओछी एवं मिथ्या बातों से जनता का ध्यान हटाकर सरकारी योजनाओं की ओर आकर्षित करें, तो निश्चित रूप से हम 2027 के विधानसभा चुनाव तथा आगामी पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक विजयश्री प्राप्त करेंगे । चौधरी ईशम सिंह, जिला मंत्री बलराज त्यागी, अनुज चौधरी आदि ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर ओंकार सिंह, बूथ अध्यक्ष उदयराज सिंह, डॉ. मयंक चौहान, अनुज कुमार, सुमित गुर्जर, कपिल राजपूत, गायत्री निराला, पूजा देवी, नरेंद्र सिंह, नरपाल सिंह, संजीव राठी, अजीम अहमद, विष्णु सिंह, महेंद्र सिंह, तासिम राईन, यशवीर राजपूत, कृष्ण पाल सिंह, योगाचार्य अरुण राजपूत, जयपाल सिंह, पं. शशिनाथ, सुनील चौहान, तारा सिंह, गजेन्द्र चौधरी, शमीम अहमद, अर्णव कुमार आदि उपस्थित रहे। सभा के अंत में अहमदाबाद दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं की शान्ति हेतु मौन धारण किया गया।

# भाकियू अराजनैतिक का विद्युत उपकेंद्र पर धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने भिक्कावाला विद्युत उपकेंद्र पर एक दिवसीय धरना देकर विद्युत संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन जेई को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह के नेतृत्व में भिक्कावाला विद्युत उपकेंद्र पर एक दिवसीय धरना देकर जेई पंकज कुमार को सौंपे ज्ञापन में बताया कि भिक्कावाला विद्युत केंद्र से कैहरीपुर फीडर पर रायभानवाला से रानी नांगल तक, छतरीपट्टा से कैहरीपुर सुखदेव सिंह के घर तक 11 हजार की विद्युत लाइन जर्जर अवस्था में है। इसे शीघ्र ही मरम्मत कराए जाने एवं आवश्यकता अनुसार ट्रांसफार्मर व पोल (खंभे) लगाए जाने की मांग की। जिससे विद्युत लाइन में खराबी ना आए तथा किरतपुर स्कूल के समीप होरी सिंह के खेत में खड़े

## विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन जेई को सौंपा

विद्युत पोल की चिंगारी से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई थी। खंबे खेत से हटकर सड़क किनारे स्थानांतरित किए जाने व रायभानवाला में सुख सिंह ट्रेलर के घर के समीप सौभाग्य योजना के अंतर्गत डबल पोल पर एक ट्रांसफार्मर रखा जाना था। शीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की तथा विद्युत आपूर्ति आठ घंटे के बदले 16 घंटे किए जाने की भी मांग की। इस अवसर पर भाकियू अराजनैतिक तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह, जसवंत सिंह, जसविंदर सिंह, गुरबचन सिंह, गुरदेव सिंह, यतेंद्र सिंह, परविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, गोरा सिंह राजेश आदि दर्जनों किसान मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

## भारत सरकार की उपलब्धियों पर जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में भारतीय जनता पार्टी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। आयोजित सभा में भारत सरकार की उपलब्धियों पर जानकारी दी गई। साथ ही पार्टी के जनाधार को मजबूत करने का आह्वान किया।

शनिवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष तेजपाल वर्मा ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके पुष्पांजलि करके शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष तेजपाल वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। साथ ही केंद्र सरकार ने जनमानस के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं में लाभ दिलाकर बिना किसी भेदभाव के जनमानस का विकास करने का काम किया है। साथ ही पूर्व की सरकारों में जन मानस का हमेशा उत्पीड़न होता आया है। चुनाव के समय जनमानस को सब्जबाग दिखाकर वोट लेने का काम किया है। विकास के नाम पर करोड़ों रुपए के घोटाले किए हैं। प्रदेश में आज कहीं भी सांप्रदायिक दंगा नहीं है। उन्होंने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकारों ने महिलाओं को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहभागिता की है। साथ ही बिना भेदभाव के सेना में उच्च पदों पर स्थान देने का काम किया है। साथी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाकर देश की कन्याओं को शिक्षित बनाने का काम किया है। आज देश की कन्या किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। पहलगाम में सेना ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। साथ ही 11 साल के कार्यकाल में भारत विश्व गुरु बना है। यह अपने आप में उपलब्धि है। साथ ही पार्टी के जनाधार को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता पदाधिकारी निष्ठा में लगन से पार्टी के मिशन को पूरा करें। बैठक में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी क्षेत्रीय मंत्री विनीत शर्मा, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, कुलबीर चौधरी, सुभाष शर्मा, पवन शर्मा, सचिन कुमार, विकास चौधरी, सुमित त्यागी, राजेश सैनी, कमल सैनी, उर्मिला पाल, अर्जुन वाल्मीकि, अर्पित गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, पूर्व चेयरपर्सन शहाना परवीन आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल है। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने की तथा कार्यक्रम का संचालन कपिल शर्मा ने किया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायली हमले...**एयरफोर्स के नए चीफ की नियुक्ति की है। ईरान की न्यूज एजेंसी मेहर के अनुसार, आमीरअली हाजीजादेह की जगह माजिद मौसवी को कमांडर बनाया है। शुक्रवार को इजरायली हमले में एयरोस्पेस चीफ आमीरअली हाजीजादेह सहित 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स मारे गए थे। इजरायली सेना ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 7 सैनिकों के घायल होने की जानक. ारी दी है। आईडीएफ ने कहा कि ये सैनिक शुक्रवार के हमले में घायल हुए। हालांकि, बहुत हल्की चोटें आई हैं। सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया गया। इजरायली सेना ने एक नया वीडियो जारी किया है जिसमें इजरायली एयर फोर्स और नेवी ईरान से इजरायल पर दागे गए ड्रोन को रोक रहे हैं। बीते दो दिनों में इजरायल ने ईरान से दागे गए 100 से ज्यादा ड्रोन को मार गिराया है।

**नीट-यूजी....**और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है। नीट यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी। परीक्षाएं देश के 552 शहरों के 5468 केंद्रों पर 13 भाषाओं में आयोजित हुई थी। देश के बाहर यह परीक्षा 14 शहरों में आयोजित की गई, जिसमें आबू धाबी, दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह और सिंगापुर शामिल हैं। इसमें 22 लाख 76 हजार 069 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 22 लाख नौ हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12 लाख 36 हजार 531 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। पिछले वर्ष नीट यूजी 2024 में 24 लाख छह हजार 079 अभ्यर्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 23 लाख 33 हजार 162 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 13 लाख 15 हजार 853 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस वर्ष अनारक्षित श्रेणी के 689366, अनुसूचित जाति के 333646, अनुसूचित जनजाति के 150224, अन्य पिछड़ा वर्ग के 948507, ईडब्लूएस के 154326 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों की संख्या 965996 और छात्राओं की संख्या 1310062 रही। इस वर्ष की परीक्षा में 939 विदेशी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 11 उभयलिंगी (थर्ड जेंडर) शामिल हुए।

**आईएमए से...**की सेना के अंग बन गए। इसके साथ नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी। छह बजकर 42 मिनट पर एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। इस बार के पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसम्बर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

# शहरों का कायाकल्प करेगी यूपी सरकार, 5 साल का ब्लू प्रिंट तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के शहरों को बेहतर बनाने के लिए 2026 से 2031 तक एक बड़ी योजना बनाई गई है। इस योजना पर कुल 1.29 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे।

इसका मकसद है शहरों को ज्यादा साफ, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाना। हाल ही में यह योजना केंद्र सरकार को दिखाई गई है, जिसमें अगले पांच सालों में किए जाने वाले कामों का पूरा खाका बताया गया है। इसमें सड़कों, नालों और दूसरे बुनियादी ढांचे को सुधारने के साथ-साथ लोगों की जिंदगी आसान बनाने की कोशिश की जाएगी। योजना में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और जानवरों की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है। साथ ही, तकनीक



**1.29 लाख करोड़ रुपये होंगे खर्च, साफ पानी के लिए 9900 करोड़ की योजना**

और पर्यावरण से जुड़ी चीजों को भी महत्व दिया गया है। इस योजना का सबसे बड़ा हिस्सा शहरों में बेहतर सड़क नेटवर्क बनाना है, जिसके लिए 30,000 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इससे शहरों के अंदर आने-जाने में आसानी होगी और पास के कस्बों से भी बेहतर जुड़ाव होगा, जिससे व्यापार और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। शहरों में जलभराव रोकने के लिए 27,500 करोड़ की ड्रेनेज योजना बनाई गई है। यह योजना बरसात के पानी को सही तरीके से निकालने में मदद करेगी। साफ-सफाई और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 15,000 करोड़ सीवरेज और शौचालयों से जुड़े प्रबंधन पर खर्च होंगे। इनके रखरखाव के लिए अलग से 5,387 करोड़ का बजट रखा गया है। हर घर में साफ पानी पहुंचाने के लिए 9,900 करोड़ की योजना है और इसकी मरम्मत व देखरेख के लिए 8,286 करोड़ रखे गए हैं। शहरों को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुक. ूल बनाने के लिए इस योजना में 1,265 करोड़ की हरियाली और बागवानी से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा 990 करोड़ की लागत से इलेक्ट्रिक श्मशान घाट बनाए जाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## डायलिसिस सेंटर में मौत का मामला

# एजेंसी पर एफआईआर, प्रिंसिपल पर गाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में कल स्टाफ की लापरवाही से मरीज की मौत के मामले को डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने गंभीरता से लिया है। एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने एवं उसे ब्लैक लिस्टेड करने के आदेश दिए गए है। साथ ही मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल के विरूद्ध कार्रवाई करने की संस्तुति की गई है।

गौरतलब है कि नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम फूलसंदा निवासी सरफराज (26 वर्ष) पुत्र निसार को उसके परिजन डायलिसिस के लिए कल जिला अस्पताल लेकर आए थे। जिला अस्पताल में जब उसकी डायलिसिस चल रही थी, तो इस दौरान विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। लेकिन जनरेटर चला कर विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं की गई और इस दौरान सरफराज की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने स्टाफ से जनरेटर चलाने के लिए कहा। लेकिन उनकी गुहार को अनसुना कर दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सरफराज की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया था और डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया था। परिजनों का कहना था कि जिस समय डायलिसिस की जा रही थी, उसी दौरान विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। डॉक्टर व स्टाफ के द्वारा जनरेटर की सुविधा भी नहीं दी गई। परिजनों का कहना था कि जिस समय डायलिसिस की जा रही थी, उस समय वहां पर कोई डॉक्टर भी मौजूद नहीं था। स्टाफ ने डायलिसिस की मशीन भी चालू नहीं की। अगर जनरेटर चला दिया होता, तो डायलिसिस की मशीन चलने लगती और सरफराज की जान बच जाती। परिजनों ने बताया कि जब सरफराज की हालत बिगड़ रही थी, तो स्टाफ ने बाहर से इंजेक्शन लाने के लिए कहा। वह खरीदकर इंजेक्शन लाए। इसके बाद उन्होंने दवाई मंगाई। दूसरी तरफ हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंच गई थी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को बामुश्किल समझाया था। इस मामले में सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की जमकर किरकिरी हुई थी।





इस बीच जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा इस घटना संज्ञान लिया गया। उन्होंने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने पैथोलॉजी लेब को देखा और वहां की जाने वाली जांच और रिपोर्टिंग के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उसके बाद उन्होंने सिटी स्कैन कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने सीटी स्कैन संचालित करने वाले टेक्नीशियन से सिटी स्कैन में लगने वाले समय तथा मरीज को उपलब्ध कराए जाने वाली रिपोर्ट की अवधि के बारे में मालूमात की। वहां मौजूद मरीजों से सीटी स्कैन फीस तथा सुविधाओं के बारे में पूछे जाने पर मरीजों द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराने तथा बिना किसी दुश्वार के जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराना बताया गया। सीटी स्कैन कक्ष के सामने फर्श टूटा हुआ पाए जाने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि इस स्थान की पैमाइश हो चुकी है और जल्द ही इसकी मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा जिला अस्पताल में कुपोषित बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए स्थापित एनआरसी केंद्र का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि एनआरसी केंद्र के अंदर छोटे बच्चों की रुचि के अनुसार सुन्दर चित्रों एवं आकृतियों वाली वॉल पेंटिंग कराएं तथा वहां पर बच्चों के लिए बनाए गए प्ले स्टेशन को पूर्ण मानकों के अनुसार संचालित करें। ताकि वहां भर्ती बच्चों को पौष्टिक आहार तथा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ मनोरंजन का सुन्दर और आकर्षक माहौल भी उपलब्ध हो सके।

अस्पताल के निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा दुष्यंत पुस्तकालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से किताबों की उपलब्धता, सुविधाओं तथा समस्याओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिशासी नगर पालिका को निर्देशित किया कि पूर्ण मानक के अनुसार पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले युवाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज सेन, अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, पैथोलॉजिस्ट सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** स्योहारा रोड पर अज्ञात तेज रफ्तार गाड़ी ने अधेड़ व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अधेड़ घायल व्यक्ति को राहगीरों की मदद से नूरपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम पेतिया निवासी राम सिंह (65 वर्ष) अपने किसी काम से नूरपुर जा रहे थे। जैसे ही नूरपुर क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो ताजपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अधेड़ व्यक्ति को खून में लथपथ अवस्था में राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। रामसिंह की सड़क दुघर्टना में घायल होने की खबर सुनकर परिवार वाले भी मौके पर सरकारी अस्पताल पहुंच गए। जहां पर परिवार वालों ने डॉक्टरों पर ईलाज के दौरान लापरवाही बरतने के दौरान रामसिंह की मौत होने का आरोप लगा कर अस्पताल में जमकर हंगामा व नारेबाजी की। घटना की खबर सुनकर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। दो घंटे की मशक्कत के बाद बामुश्किल परिवार वालों को समझा-बुझाकर मामले को शांत किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि अज्ञात वाहन को तलाश कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। परिवार वालों के शांत होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। रामसिंह का शव ग्राम में पहुंचने पर परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# स्योहारा चेयरमैन फैसल वारसी व ईओ को जनता मान रही दुश्मन

**मौहम्मद इकबाल अंसारी**

**स्योहारा।** नगर पालिका क्षेत्र में जलकर को लेकर नगरवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

नगर पालिका द्वारा घर-घर जलकर के बिल भेजे जाने के बाद अब यह खुलासा हुआ है कि जनता को अपने निजी समरसेबिल और घरों में मौजूद हैण्डपम्प के लिए भी अलग से बिल चुकाना होगा। इस फैसले के बाद चेयरमैन फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आम जनता का कहना है कि जब उन्हें नगर पालिका की जल सप्लाई ही नहीं मिल रही, तब उनसे निजी समरसेबिल के उपयोग पर टैक्स वसूलना बिल्कुल भी उचित नहीं है। नगर में बड़ी तादाद में ऐसे परिवार मौजूद है, जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हैं और वह अपने घरों में हैडपंप का इस्तेमाल करते हैं। उस पर भी टैक्स देना होगा। हर परिवार को टैक्स देना होगा, चाहे उसके घर पर नगर पालिका की ओर से मिलने वाली पानी की सप्लाई की लाइन है या नहीं। उसे जलकर अब हर हाल में देना है, जो सरासर अन्याय है। आम जनता की शिकायत की है कि उनके घरों में तो नगर पालिका की सप्लाई वर्षों से बंद है या आती ही नहीं है। फिर भी उनसे जलकर वसूला जा रहा है। नगर के कई



## टैक्स के जाल में फंसाया जा रहा

सामाजिक कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह पूरी तरह से जनता की जेब काटने की चाल है। अब देखना यह है कि जनता के गुस्से और मीडिया की इस रिपोर्टिंग के बाद नगर पालिका प्रशासन कोई सफाई देता है या जलकर के इस विवादास्पद निर्णय को वापस लेता है। शिकायत दर्ज कराने के लिए नागरिक जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान और स्थानीय सांसद व विधायक कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं। लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा पहले तो हाउस टैक्स अनलिमिटेड बढ़ाया गया है, जो नगर की जनता पर बोझ बन गया है। अब नगर पालिका द्वारा जलकर में भी इतनी बढ़ोतरी की है कि गरीब परिवारों पर भारी बोझ पड़ रहा है। नगर की जनता पर लगातार अत्याचार हो रहा है । गरीब जनता की आवाज कोई भी नहीं सुन रहा है। चेयरमैन फैसल वारसी के खिलाफ नगर पालिका कार्यालय में धरना देते हुए प्रदर्शन भी नहीं किया जा रहा है। आम जनता का मानना है कि स्थानीय नेता बिल्कुल नकारा बन गए है। जिसकी वजह से नगर पालि. का प्रशासन उनका उत्पीड़न कर रहा है। आम जनता का मानना है कि चेयरमैन फैसल वारसी को उन्होंने इस लिए वोट दिया था कि वह स्योहारा के गरीब परिवारों की मदद करेंगे। लेकिन वह इसके उल्टा कर रहे है। वह गरीब जनता से मिलना भी पसंद नहीं करते है। नगर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। जहां-तहां नगर सड़ रहा है। लेकिन वह न तो सफाई व्यवस्था पर ध्यान दे रहे है और न ही जनता का टैक्सा का बोझ कम कर रहे है। पूर्व में सभासदों के द्वारा किए गए विरोध का भी कोई नतीजा नहीं निकला था। नगर की जनता का मानना है कि अगर इसी तरह पालिका प्रशासन के द्वारा उन पर अत्याचार किया जाता रहा, तो बड़ा आंदोलन हो सकता है। नगर की जनता को ऐसे रहनुमा की तलाश है, जो पालिका प्रशासन के द्वारा किए जा रहे अत्याचारों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाकर उन्हें न्याय दिला सके।

# भीषण गर्मी से नहीं मिल रही राहत

## विद्युत व्यवस्था में भी सुधार नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में भीषण गर्मी पड़ रही है। कल जनपद में कई स्थानों पर हुई बारिश के बावजूद गर्मी से राहत नहीं मिल पाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में रिकार्ड गर्मी पड़ रही है। यह गर्मी बच्चों से लेकर बुजुर्गों से भी बर्दाश्त नहीं हो पा रही है। भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होकर रह गया है। कल जनपद में कई स्थानों पर हल्की और कई जगह भारी बारिश पड़ी थी। लेकिन इस बारिश से भी गर्मी का जलवा कम नहीं हो पाया है। आज चिलचिलाती धूप में बाहर निकलना मुश्किल हो गया। धूप इतनी तेज थी कि खाल पर मिर्ची लगने जैसा असर महसूस हो रहा था और जिस्म पसीने से तर बतर हो रहा था।



दूसरी तरफ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है। जनपद में भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसकी वजह से विद्युत की डिमांड भी काफी ज्यादा बढ़ गई है। ट्रांसफार्मर व विद्युत लाइनें जवाब दे रही हैं। जगह-जगह ट्रांसफार्मर फुंक रहे है और तार टूटकर नीचे गिर रहे हैं। विद्युत विभाग का स्टाफ भी इससे परेशान है।

# लटकते बिजली के तार बने खतरे की घंटी



## हादसे को दावत दे रही लापरवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम सलावातनगर में बिजली विभाग की लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम के मुख्य रास्तों और गलियों में बिजली के जर्जर व झूलते तारों की स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। यह बिजली के तार जमीन से महज दो-तीन फीट की ऊंचाई पर लटक रहे हैं। जिनकी चपेट में छोटे बच्चे व राहगीर कभी भी आ सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग को मौखिक और लिखित रूप से शिकायत दी गई है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। गर्मी के मौसम में तारों पर लोड भी ज्यादा रहता है। जिससे इनके टूटने का खतरा और भी बढ़ गया है। कई स्थानों पर तो लोहे के खंभे भी जर्जर हालत में हैं। जो कभी भी गिर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन तारों को ठीक कराया जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले इस खतरे को टाला जा सके। अगर समय रहते विभाग ने कार्रवाई नहीं की, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे।

## एक नजर

### दरगाह कोऑर्डिनेटर ने लिया जायजा



**जोगीरम्पुरी।** विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया पर कल रात में अमीरे कायनात दामादे पयम्बर की ताजपोशी के मौके पर एक महफिल का आयोजन किया गया है। महफिल के कन्वीनर कमर नवाब लखनवी ने बताया कि महफिल में खुर्शीद मुजफ्फरनगरी, मुसर्रत लखनवी, इरम बनारसी, सज्जाद हल्लोंरी, मुनव्वर जलालपुरी, हैदर किरतपुरी, जफर नसीराबादी आदि शिरकत करेंगे। निजामत मुनिस जानसठी करेंगे। इनके अलावा अन्य शायर भी अपने अपने कलाम पेश करेंगे। कोऑर्डिनेटर डॉ. मिर्जा शफीक ने दरगाह पहुंच कर जियारत कर स्टॉफ को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर चौधरी मौहम्मद अली, मौलाना आबिद मेहड़ी, मैनेजर हुसैन मेंहदी आदि मौजूद रहे।

### नियुक्ति पत्र लेने के लिए अभ्यर्थी रवाना



**बिजनौर।** आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती 2023 में चयनित अभ्यर्थियों को कल (आज) लखनऊ में नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। नियुक्ति पत्र लेने के लिए आज रिजर्व पुलिस लाइन से अभ्यर्थियों को रवाना किया गया। इस मौके पर पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी अभिषेक ने उपस्थित अभ्यर्थियों को सम्बोधित किया।

# ताइक्वांडो में परचम लहराने वाले खिलाड़ी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ताइक्वांडो ट्रेनिंग एकेडमी की ओर से आदर्शनगर स्थित रविदास धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक, तहसील, जिला, मंडल, प्रदेश, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे ताईक्वांडों खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

नजीबाबाद निवासी कोच रिंकू वर्मा के निर्देशन में गोल्ड मेडलिस्ट आयुष्मान चौहान का चयन बिहार की राजधानी पटना भारतीय खेल प्रा. धिकरण में अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी के रूप में हुआ है। इसी अकादमी की एक अन्य खिलाड़ी शालिनी चौधरी स्पोर्ट्स साइंटिस्ट व संयुक्त राज्य अमेरिका से स्पोर्ट्स मास्टर की डिग्री कर रही इन्हीं के छोटे भाई ऋषभ चौधरी का हाल ही में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय मुंबई में चयन हुआ है। कोच रिंकु वर्मा ने अपनी भावनाओं व इच्छा जागृति का इजहार करते हुए बच्चों को संबोधित करते हुए कहा

## कोच रिंकु वर्मा की सराहना

कि पानी से नहाओगे तो, लिबास बदलोगे व यदि पसीने से नहाओगे तो इतिहास बदलोगे। सभी खिलाड़ियों ने रिंकू वर्मा की सराहना की।

इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष मौहम्मद अरशद, नहटौर के ताइक्वांडों कोच विजेंद्र चौहान, नगीना ताइक्वांडो कोच नितिन वर्मा, धामपुर ताइक्वांडों कोच विक्रम सिंह, नांगल ताईक्वांडो कोच ब्रजेश कुमार, काशीपुर ताईक्वांडो कोच वीरेंद्र सिंह, कस्तूरबा गांधी नगीना की प्रधानाचार्य मीनाक्षी चौधरी, किरतपुर कोच हिमांशु भारती, अनमोल, अमन आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की जिला मंत्री गायत्री निराला, भाजपा कार्यकर्ता रितेश सोनू, भाकियू प्रधान के मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार, अरूण राजपूत मौजूद रहे।

### जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा स्वागत

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद पसमांदा समाज के लोग कल (आज) को क्षेत्र के बुंदकी मार्ग स्थित जेएस उत्सव निकट गन्ना समिति में जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर का जोरदार स्वागत करेंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय दर्जी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नईम सिद्दीकी ने दी।

# जनसेवा के नाम पर गंदगी

## गंदे हाथों से पिला रहे शर्बत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भीषण गर्मी के बीच नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए जगह-जगह छबील लगाकर शर्बत का वितरण किया जा रहा है। लेकिन गंभीर बात यह है कि शर्बत बांटने वाले न तो हाथों में दस्ताने पहनते है और न ही काम खत्म होने के बाद वहां पर फेंके गए प्लास्टिक के गिलास एकत्र कर कूड़ेदान में डालते है।



जनपद में विभिन्न स्थानों पर छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत बांटा जा रहा है। इस काम में छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी अपना योगदान दे रहे है। काम तो अच्छा किया जा रहा है, लेकिन काम करने का ढंग गलत है। शर्बत बांटने वाले न तो अपना हाथ धोते है और न ही संक्रमण से बचने के लिए दस्ताने पहनते है। कई बार गिलास में मौजूद शर्बत के अंदर उनकी उंगलियां भी चली जाती हैं। क्योंकि गिलास इतने कमजोर होते है कि ठीक से पकड़े भी नहीं जाते हैं। गिलास ऊपर तक भरे हुए होते है और उसमें से शर्बत नीचे गिरता रहता है। सफाई व्यवस्था का ध्यान न रखे जाने की वजह से जागरूक नागरिक अपना वाहन नहीं रोकते है और बिना शर्बत पीये आगे बढ़ जाते हैं। जिन्हें अपने स्वास्थ्य की चिंता नहीं है, वो ही यहां पर शर्बत पीने के लिए रूकते हैं।

दूसरी तरफ जनसेवा करने वालों का जब काम खत्म हो जाता है, तो वह शर्बत पीने के बाद सड़क पर फेंके गए गिलास भी एकत्र कर उसे कूड़ेदान में नहीं डालते हैं। बड़ी संख्या में यह गिलास सड़क एवं धार्मिक स्थल के आसपास ही पड़े रहते हैं। हवा से यह नालियों व नालों में चले जाते हैं। जागरूक नागरिकों का कहना है कि जनसेवा करने वालों को सफाई व स्वच्छता का पूरा ख्याल रखना चाहिए। वरना ऐसी समाजसेवा का कोई फायदा नहीं है।

# अनन्या अग्रवाल ने की शानदार सफलता हासिल

## नीट में ऑल इंडिया रैंक 583 पाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर निवासी बिटिया अनन्या अग्रवाल ने नीट परीक्षा में **99.97** प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक **583** हासिल की है। इस शानदार सफलता के साथ ही अनन्या ने एक प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर लिया है।

अनन्या ने 12वीं कक्षा के साथ ही कठिन परीक्षा को पास कर यह साबित कर दिया कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व अनन्या ने जेईई परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी में स्थान प्राप्त किया था, किंतु उन्होंने डॉक्टर बनकर समाज सेवा का सपना चुना।

अनन्या की सफलता से क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# धामपुर में बिजली संकट से बढ़ी परेशानी

## विभाग ने जारी की चेतावनी- पानी भर लें, शिफ्ट में हुई सप्लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में बिजली आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। शुक्रवार को विद्युत गृह पर अचानक बिजली गिरने से आई तकनीकी समस्या के कारण कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में अभी सप्लाई बहाल है। लेकिन विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह स्थिति अस्थायी है और उन क्षेत्रों में भी बिजली कभी भी बंद की जा सकती है जहां अभी आपूर्ति जारी है।

उधर विद्युत विभाग की ओर से जारी सूचना में साफ कहा गया है कि जिन मोहल्लों में अभी विद्युत आपूर्ति जारी है, वहां के उपभोक्ता पानी आदि आवश्यक वस्तुएं तुरंत भर लें क्योंकि प्रभावित क्षेत्रों को भी शिफ्ट में बिजली दी जानी है। इसके लिए दूसरे मोहल्लों की बिजली बंद कर बिजली वितरण को संतुलित किया जाएगा। विभाग ने यह भी कहा कि तकनीकी टीम पूरी तत्परता के साथ सुधार कार्य में लगी हुई है।




### बिना सूचना के कटौती से लोग परेशान

नगर के कई मोहल्लों जैसे कि मोहल्लो में दिनभर बिजली की आंख-मिचौली जारी रही। बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती से घरेलू कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। लोग पानी की कमी, मोबाइल चार्जिंग और कूलर, पंखे बंद होने से खासे परेशान हैं।

### बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत

तेज गर्मी के इस मौसम में बिजली संकट ने नगरवासियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। खासकर छोटे बच्चों, वृद्धों और बीमार व्यक्तियों के लिए यह स्थिति बेहद तकलीफदेह हो रही है। लोग सोशल मीडिया और स्थानीय अधिकारियों से भी लगातार संपर्क कर रहे हैं, लेकिन समाधान फिलहाल अस्थायी रूप से शिफ्ट प्रणाली के माध्यम से ही संभव है।

### धैर्य और सहयोग की अपील

विद्युत विभाग ने नगरवासियों से धैर्य और सहयोग बनाए रखने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि समस्या को जल्द से जल्द ठीक कर विद्युत आपूर्ति को पूरी तरह सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भाजपा सरकार जहां एक ओर पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वर्ष भर पेड़ लगाओ अभियान चला रही है। वहीं कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए हरे भरे पेड़ पौधों पर आरा चलाने से बाज नहीं आ रहे है। ऐसा ही एक मामला बीति रात पूर्वी गंगा नहर सरवनपुर के निकट देखने को मिला। जहां पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में शीशम की लकड़ी ले जाई जा रही थी। वन विभाग को सूचना मिलते ही अधिकारी हरकत में आ गए और मौके पर पहुंच ट्रैक्टर-ट्रॉली व दो अभियुक्तों को पकड़ लिया।



गुरूवार की रात्रि लगभग नौ बजे वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि पूर्वी गंगा नहर सरवनपुर के निकट एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में शीशम की लकड़ी ले जाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेत हुए वन दरोगा हरगोविंद सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शीशम से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग की टीम ने मौके से शीशम की लकड़ी सहित दो अभियुक्तों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने अपना नाम होरी सिंह पुत्र रामलाल सिंह निवासी बेगमपुर भौनावाला नजीबाबाद व दयाराम निवासी अमाननगर, थाना किरतपुर बताया। वन विभाग दरोगा हरगोविंद सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली में शीशम की कीमती लकड़ी थी। पकड़े गए दोनों अभियुक्त के खिलाफ वन विभाग की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### ठाकुरद्वारा का रतेन्द्र गिरफ्तार

**बिजनौर।** बढ़ापुर थाने में वादिनी ने कल तहरीर दी थी कि थाना ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) के सलेमपुर निवासी रतेन्द्र पुत्र राघवेन्द्र के द्वारा शादी का झांसा देकर दो साल से उनकी नाबालिग पुत्री के साथ गलत काम किया जा रहा था। 11 जून को वह वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ फिर गलत काम किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 137 (2), 64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने रतेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है।

### धामपुर का मनु गिरफ्तार



**बिजनौर।** स्योहारा पुलिस ने धामपुर के सलेमसराय निवासी मनु पुत्र संजय को गिरफ्तार किया है। वादी ने कल स्योहारा थाने में तहरीर दी थी कि मनु ने शादी का झांसा देकर उनकी पुत्री के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। मनु का एक साथी भी सहयोग कर रहा था। पुलिस ने धारा 62, 64 (1), 351 (2) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था।

### बुढ़नपुर का डा. आफताब गिरफ्तार



**बिजनौर।** वादी ने 11 जून को स्योहारा थाने में तहरीर दी थी कि ग्राम बुढ़नपुर निवासी डॉ. आफताब पुत्र जरीफ के क्लीनिक पर उनकी नाबालिग पुत्री दवाई लेने के लिए गई थी। डॉ. आफताब ने वहां पर उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। पुलिस ने धारा 74 व 351 (3) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने डॉ. आफताब को गिरफ्तार कर लिया है।

### राजस्व विभाग ने अतिक्रमण हटवाया



**बिजनौर।** ग्राम अगरी में तालाब की भूमि पर प्रमोद सिंह पुत्र पुरन सिंह तथा विद्या देवी पत्नी सत्यवीर के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। नायब तहसीलदार फैसल कमर के नेतृत्व में गठित राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस को साथ लेकर मौके पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। टीम ने तालाब की भूमि पर फिर से अवैध कब्जा करने पर कठोर विधिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। जनपद में बड़ी संख्या में तालाब की भूमि सहित अन्य सरकारी सम्पत्तियों पर कब्जा किया गया है।

### दरोगा मीर हसन का ट्रांसफर

**बिजनौर।** एसपी अभिषेक ने हल्दौर थाने में तैनात दरोगा मीर हसन का ट्रांसफर स्वाट टीम के लिए कर दिया है। कोतवाली देहात की बरूकी चौकी के प्रभारी रवि तोमर को धामपुर की गोराबादल चौकी का प्रभारी बनाया गया है। अफजलगढ़ की स्वामी विवेकानंद चौकी के प्रभारी यशपाल सिंह मलिक को बरूकी चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन में मौजूद दरोगा सुकंप पाल सिंह राणा को थाना नगीना, विपिन कुमार को थाना कोतवाली देहात, रामअवतार सिंह को मण्डावर की पुलिस चौकी हरिहर नगर, विनोद कुमार को वरिष्ठ उप निरीक्षक नगीना देहात, श्रीमती रेशमा को महिला परामर्श प्रकोष्ठ, कुलदीप कुमार को प्रभारी चौकी झालू, प्रमोद कुमार को प्रभारी चौकी मोटा महादेव मण्डावली, प्रमोद कुमार को प्रभारी चौकी स्वामी विवेकानंद, अफजलगढ़, पुष्कर सिंह मेहरा को थाना नांगल, जुगेन्द्र सिंह तेवतिया को थाना कोतवाली देहात एवं अमित कुमार को थाना शिवाला कलां भेजा गया है।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**सहसपुर।** स्थानीय मौहल्ला शेखान निवासी सभासद मौहम्मद अहमद उर्फ शानू शेख की आवास पर आज फ्री चेकअप कैम्प लगाया गया। जिसमें बच्चों, स्त्रियों व बुजुर्गों की विभिन्न बीमारियों का उपचार किया गया। साथ ही मरीजों को सलाह दी गई।

### अफजलगढ़ में अयान गिरफ्तार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने मौहल्ला गौहरअली खां निवासी मौहम्मद अयान पुत्र मौहम्मद जरीफ को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

**नहटौर।** बज्मे अदब फिक्र ओ फन के तत्वावधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन (मुशायरा) रविवार को नहटौर धामपुर मार्ग पर एचएमआई इंटर कॉलेज के सामने शानदार मार्केट में आयोजित होगा। जानकारी मुशायरा कनवीनर चांद फटाफट, फुरकान देहलवी व अल्ताफ अंसारी ने दी।

# विमान हादसे पर सपा नेता नसीम राणा ने जताया शोक

## उच्च स्तरीय जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष नसीम राणा ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई, जो कि देश के लिए एक बड़ी क्षति है।

नसीम राणा ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने मांग की कि घटना के संदर्भ में मृतकों के मामले की विशेष रूप से उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि दुर्घटना के असली कारण सामने आ सकें और भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव हो सके।



उन्होंने कहा कि प्लेन का तकनीकी खराबी या हाइट में अचानक गड़बड़ी के कारण दुर्घटनाग्रस्त होना, सिस्टम की गंभीर खामियों की ओर इशारा करता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि मृतकों के परिजनों को यथोचित मुआवजा और पुनर्वास सहायता दी जाए।

# सपाइयों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

## सपा कार्यालय पर शोकसभा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के नेतृत्व में शोकसभा आयोजित कर मोमबत्ती जलाकर व मौन धारण श्रद्धांजलि अर्पित की।




प्राप्त समाचार के अनुसार आज सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के नेतृत्व में शोकसभा आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि अहमदाबाद में बहुत बड़ा विमान हादसा हुआ है। इस हादसे में लोगों ने अपनों को खो दिया है। इस घटना ने हर किसी के दिल को हिला कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना से देश के प्रत्येक नागरिक की आंखें नम और दिल उदास है। जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा कि इस दर्द को शब्दों में बया कर पाना मुश्किल है। समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है तथा सरकार से मांग कर ती है कि सरकार मृतक के परिवारों को पांच-पांच करोड़ रुपए बतौर मुआवजा देने का काम करें। उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी इस दुर्घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग करती है। सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश अनुसार पार्टी ने तीन दिन के लिए पार्टी के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया और मोमबत्ती जला कर उनको श्रद्धांजलि दी।

शोकसभा में डॉ. रमेश तोमर, डॉ. रहमान, प्रभा चौधरी, चौधरी दारा सिंह, सतपाल सिंह, मदन सैनी, महमूद कस्सार, मास्टर लईक अहमद, बीके सैनी, गजेंद्र सिंह देवल, पंकज विश्नोई, तरुण लाम्बा, श्लोक पवार, लाल सिंह कश्यप, अफजाल उल हक, अशोक आर्य, अखलाक पप्पू, काशिफ खान नगर अध्यक्ष, मुस्तकीम अहमद, नदीम खान, दानिश अखलाक, मौहम्मद जकी सभासद, अब्दुल वहाब, संजय पाल, फरमान, शाहरुख, मौहम्मद हमजा, कसीम कुरैशी, असलम इरफान, नदीम अहमद, मौहम्मद शाहरुख, धर्मेंद्र सैनी, विकास सैनी व अहमद खिजर खान आदि उपस्थित थे।

# जैद की शिकायत पर मंत्री जयंत चौधरी एक्शन मोड में

## तत्काल कार्रवाई का आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ रालोद नेता एवं नहटौर चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद की शिकायत पर केंद्रीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी एक्शन मोड में आ गए हैं।

उन्होंने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पश्चिमांचल) की मैनेजर ईशा दुहा और बिजनौर की जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को पत्र लिखकर इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि मौहम्मद जैद ने बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी और संबंधित विभाग की लापरवाही को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए जयंत चौधरी ने स्पष्ट किया है कि जनता से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूत्रों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया है कि वह मौके पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।





गौरतलब है कि वरिष्ठ रालोद नेता मौहम्मद जैद नहटौर की जनसमस्याओं को लेकर काफी गंभीर है। वह समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रहे है।

# ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया

**किरतपुर।** ग्राम समाज की लगभग एक बीघा कृषि योग्य भूमि को शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा मुक्त कराया। यह कार्रवाई ग्राम प्रधान की शिकायत पर समाधान दिवस में प्राप्त निर्देशों के आधार पर की गई। ग्राम प्रधान सत्यवीर द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, गांव ढाकी साधो निवासी जयपाल सिंह ने ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि पर अवैध कब्जा कर उसे अपने निजी खेत में मिला लिया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार ने कानूनगो के नेतृत्व में राजस्व विभाग की एक टीम गठित की। शनिवार को कानूनगो राजकुमार, लेखपाल अजय गुप्ता, विवेक, सुभाष चंद्र एवं आशीष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ढाकी हुसैनपुर गांव में खेत पर जाकर ट्रैक्टर-ट्राली की मदद से अवैध कब्जा हटवाया।

# सिंचाई के लिए खेत पर गए किसान की करंट लगने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** खेतों में सिंचाई के लिए कुएं में कटवे डालते समय करंट लगने से एक किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

शनिवार सुबह करीब 7 बजे गांव बुडगरी निवासी किसान नफीस पुत्र मुश्ताक खेतों में खड़ी फसल को पानी देने के लिए जंगल स्थित ट्यूबवेल पर गया था। जब वह कुएं में कटवे डाल रहा था, उसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से नफीस बुरी तरह झुलस गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। नफीस की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है।

परिजनों ने बिना कोई कानूनी कार्यवाही किए नफीस को पैतृक कब्रिस्तान में दफन कर दिया। घटना की सूचना पर राजस्व विभाग के लेखपाल मौके पर पहुंचे और आवश्यक जानकारी एकत्र की। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि आपदा प्रबंधन राहत कोष से सहायता दिलाने हेतु शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### शिवसेना यूबीटी का कार्यक्रम स्थगित

**चांदपुर।** शिवसेना यूबीटी कार्यकर्ताओ की कल (आज) को चांदपुर के नूरपुर रोड स्थित सागर श्री बैंकट हॉल में होने वाला जन जागृति हिंदू सम्मेलन को स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए विकास त्यागी शिवसेना (युवा) जिला प्रमुख ने चौधरी संजय राणा के हवाले से बताया कि यह निर्णय गुजरात के अहमदाबाद मे हुए प्लैन क्रेश दुखद घटना के मद्देनजर लिया गया है। अब अगली तिथि समय पर घोषित की दी जायेगी।

# विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की स्मृति में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (धामपुर) द्वारा एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

## व्यापार मंडल की श्रद्धांजलि सभा

मोबाइल मार्केट स्थित श्रद्धांजलि स्थल पर व्यापारीगण एकत्र हुए और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर शोक की एक गहरी लहर स्पष्ट रूप से देखने को मिली। श्रद्धांजलि सभा में व्यापारियों ने कहा कि यह हादसा सिर्फ एक तकनीकी त्रासदी नहीं, बल्कि अनेक परिवारों के सपनों का अंत है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इस दौरान सरदार सतवंत सिंह सलूजा, जावेद रहमान शम्सी, सलमान फरीदी, हैदर आढ़ती, शिवेन्द्र अग्रवाल, एसपी सलूजा, असलम सलमानी, सुहैल डिजाइनर समेत कई गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे।

व्यापार मंडल ने ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकसंतप्त परिवारों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान हो और मृतकों को जन्नत व शांति मिले। यह आयोजन इंसानियत और वैश्विक एकजुटता की मिसाल बना।

# अफजलगढ़ में मादक पदार्थों का कारोबार

## नशे की लत से युवाओं का जीवन हो रहा बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र के स्मैक, गांजा सुल्फा जैसे खतरनाक मादक पदार्थों का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिस कारण नशे की लत में पड़कर युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है।



प्राप्त सूत्रों के अनुसार नगर व थाना क्षेत्र के गांव झाड़पुरा, भागिजोत, गढ़वावाला, कासमपुर गढ़ी व नगर में स्मैक, सुल्फा, गांजा जैसे खतरनाक मादक पदार्थों की खुलेआम बिक्री की जा रही है। जिस कारण किशोर व युवा वर्ग में नशे की लत बढ़ती जा रही हैं। सूत्रों की माने तो नगर के मौहल्ला किला, बैगम सराय, डूडा कालोनी की सुरक्षित गलियों, कॉलोनियों, बागों की कोठरियों में आसानी से मादय पदार्थ मिल जाते हैं। यदि ग्रामीणों की माने तो झाड़पुरा, भागीजौत व गढ़वावाला में परचून की दुकानों पर तो वर्षों से अवैध शराब के पाउच खुलेआम बेचे जाते हैं। कासमपुर गढ़ी में जामा मस्जिद इलाके में तो शाम होते ही युवाओं द्वारा बेखौफ होकर मादक पदार्थों की बिक्री की जाती है। इतने खतरनाक मादक पदार्थ की बिक्री आखिर किसके संरक्षण में चल रही है। यदि इस नशा तस्करों एवं नशा बिक्री करने वालों के विरुद्ध कदम नहीं उठाया गया, तो समाज में इसके घातक परिणाम निकलेंगे। समाज का एक बड़ा भाग नशे की लत में पड़कर बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएगा। आखिर क्यों नहीं होती इन नशे के सौदागरों के विरुद्ध कार्यावाही। पुलिस भी नशेड़ियों का चालान कर अपना पीछा छुड़ा लेती है। परंतु मादक पदार्थों की बिक्री करने वाला सौदागर कोई नहीं पकड़ा जाता। नगर निवासी नशे का आदी एक युवक ने तो नशे में अपनी मां को खूब मारा और जब उसके भाइयों ने विरोध किया तो वह अपनी पत्नी व सौतेली बेटी को लेकर अपने भाइयों के विरुद्ध पुलिस में छेड़छाड़ की तहरीर दे दी। जिससे उसका भाई डर गए और आइंदा अपने भाई को नशे का विरोध करने की कसम खा ली।

नशे को बढ़ावा देने में रही सही कसर नगर वह ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ बदनाम मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंध व दर्द निवारक दवाइयां जो युवा वर्ग नशा करने में इस्तेमाल करता है धड़ल्ले से बेची जा रही हैं। यदि इन मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध कोई आवाज उठाता है तो उनके स्वामी लाम बंद होकर उसकी शिकायत करने पुलिस या अधिकारियों तक पहुंच जाते हैं। ऐसा नहीं है कि प्रतिबंध दावों की बिक्री के खेल की जानकारी ड्रग्स इंस्पेक्टर को नहीं है। लेकिन पर्दे के पीछे की बात सभी लोग जानते हैं। समाज के लोगों को नशे के विरूद्ध आगे बढ़कर आवाज उठानी होंगी, नहीं तो कल उनके परिवार का कोई बेटा भी नशे का आदी हो कर जीवन बर्बाद कर लेगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RAHAMAT JAHAN है। अब मैंने अपना नाम बदलकर RAHMAT JAHAN रख लिया है। लिहाजा मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

RAHMAT JAHAN W/O MOHAMMAD IRFAN निवासी ग्राम/पोस्ट फजलाबाद परमानंदपुर, थाना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर।

# हादसे में दो भाईयों की मौत

## अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकरा कर पलटा, एक अन्य युवक भी गंभीर घायल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव पैजनियां के निकट रेल के पहिए लेकर जा रहा एक ट्रक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया और गहरे गड्ढे में पलट गया। जिसमें दो भाईयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल व घायल को भी उपचार के लिए भेजा।

बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग के निकट रेल के पहिए लेकर जा रहा एक ट्रक नूरपुर से बिजनौर की ओर जा रहा था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की देर रात करीब दो बजे गांव पैजनियां के निकट मनोज कुमार त्यागी के पावर कोल्हू के पास ट्रक किसी वाहन को ओवरटेक करते हुए अनियंत्रित सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकराकर गहरे गड्ढे में पलट गया। ट्रक में सवार कुलवंत सिंह का करीब 45 वर्षीय पुत्र गिरवेल सिंह, उसका भाई गुरजंट सिंह निवासी फतेहाबाद अमृतसर, पंजाब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोपी पुत्र रिशन उम्र करीब 35 वर्ष निवासी खेला, थाना फतेहाबाद, अमृतसर, पंजाब गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जबकि घायल को भी उपचार हेतु भेजा। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## विमान हादसे के मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान कैश होने तथा उसमें मारे गए ढाई सौ से भी अधिक लोगों की मृत्यु होने पर लोगों ने भारी शोक जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। नगर के वरिष्ठ सपा नेता मुनव्वर अली ने कहा कि यह विमान हादसा बड़ी ही दुखद घटना है। इस घटना में काफी संख्या में लोग मारे गये हैं। उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। नगर के सपा नेता शहजाद अंसारी ने भी विमान हादसे पर भारी दुख जताया। उन्होंने सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तहसील के ग्राम सभाचंदपुर भरैका में शोकसभा में संदीप आर्य, राजकुमार कश्यप, चौ. विदेश पाल, सुरेंद्र कश्यप, मौहल्ला कासिम अली, राजन कश्यप, चौधरी अंकित कुमार, गौरव कश्यप, लाला धीर सिंह, अमित कश्यप, जितेन्द्र सिंह रवि ने विमान क्रैश होने पर दुख जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान महिला ने लगाई मदद की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** महिला ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर थाना मंडावली में उत्पीड़न करने वाले ससुरालयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

पीड़ित महिला का कहना है उसकी शादी मुस्तकीम पुत्र महबूब निवासी ग्राम भागुवाला थाना मंडावली के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। मुस्तकीम ने पीड़िता से अपनी पसंद से शादी की थी। मां-बाप गरीब थे और वह दहेज में फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन नहीं दे सके। इस कारण पीड़िता का पति मुस्तकीम, जेठ मकसूद, मकबूल, देवर मुकीम, सास साबरा उसका उत्पीड़न करते मारपीट करते घर से निकाल देते। मां-बाप की इज्जत के खातिर वह सब बर्दाश्त करती रही। पीड़िता का पति इलाहाबाद में रहकर बतीसा का काम करता है, जहां पर अपने साथ काम करने वाली लड़की से उसके पति ने संबंध बना लिए और उसका उसके बच्चों का खाने, दवाई इलाज, कपड़े खर्च आदि का ख्याल नहीं रखता। पीड़िता के तीन बच्चे हैं। उसका देवर भी उस पर बुरी नियत रखता है और कई बार अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया।

11 जून 2025 को शाम के 7:00 बजे पीड़िता के पति मुस्तकीम, मकबूल, मकसूद, साबरा जान से मारने की नीयत से हमला किया। बुरी तरह उसके साथ मारपीट की। पीड़िता के शरीर पर, आंखों और चेहरे पर गंभीर चोटें आई। पीड़िता थाना मंडावली गई जहां पर मौजूद मैडम ने एक तहरीर अपनी मर्जी से लिख ली और पीड़िता का अंगूठा लगवा लिया। उसके बाद पीड़िता का चिकित्सा परीक्षण समीपुर अस्पताल में कराया लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की और ना ही पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज की गई। अगले दिन पीड़िता के पति व ससुराल वालों ने सिर्फ एक जोड़ी कपड़ों में उसे मारपीट के निकाल दिया और उसके तीनों बच्चे भी छीन लिए।

पीड़ित महिला ने थाना प्रभारी मंडावली को संबोधित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री के पोर्टल पर दर्ज करा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## हाजी मुंशी इरफान के बीमार होने से लोग चिंतित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** निकटवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी के निवासी लगभग 93 वर्षीय हाजी मुंशी इरफान साहब के बीमार होने से हजारों लोग चिंतित हो गए हैं।

मदरसा इस्लामिया के प्रबंधक एवं हजरत शाह विलायत उर्स कमेटी के वरिष्ठ सदस्य हाजी मुंशी इरफान पिछले लगभग एक सप्ताह से बीमार चल रहै हैं। परिजन एवं परिचित मुंशी जी को सबसे पहले नजीबाबाद के पूजा हॉस्पिटल में लेकर गए, पूजा हॉस्पिटल वालों ने मरीज को देहरादून के इंद्रेश हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया। तबीयत में थोड़ा सुधार होने पर उन्हें गांव लाया गया, मगर दोबारा फिर तबीयत खराब होने पर उन्हें मेरठ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां से मुंशी जी को दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल मुंशी जी का इलाज दिल्ली के अस्पताल में चल रहा है। देश भर में उनके चाहने वाले मुंशी जी के जल्द से सेहतयाब होने की दुआ कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुंशी इरफान साहब सूफी शाह वजीर के मुरीद हैं, इसके अलावा गांव में सिर्फ दूसरे मुरीद मरहूम हाजी अनवर अहमद अंसारी (पूर्व ग्राम प्रधान) थे। हाजी अनवर अहमद का पिछले साल लगभग 92 साल की उम्र में इंतकाल है गया है।

# राष्ट्रीय गतका टूर्नामेंट में जीते पांच पदक

### 550 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा गतका एसोसिएशन दिल्ली और सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से 12 से 14 जून तक तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय गतका टूर्नामेंट में देशभर के 18 राज्यों से 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्थानीय मीरी पीरी खालसा एकेडमी के पांच होनहार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक जीतकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा किया। पदक विजेताओं में हरमन सिंह अंडर 17 सिंगल सोटी टीम इवेंट में कांस्य पदक, जशनदीप कौर अंडर 17 फरी-सोटी टीम इवेंट में रजत पदक, हरनीव कौर अंडर 19 सिंगल सोटी व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक गुर्मन्नत कौर अंडर 17 सिंगल सोटी व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक तथा फरी-सोटी टीम इवेंट में रजत पदक जीता। विद्यालय प्रबंधन ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और गुरु-शिष्य परंपरा का परिणाम है। इस उपलब्धि से विद्यालय और अफजलगढ़ क्षेत्र में खुशी की लहर है। विद्यार्थियों ने अपने उस्ताद सतवंत सिंह, कर्म दलभंजन कौर एवं नीलम बेरीवाल का धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू का कहना है कि इन पदकों की वजह से विद्यार्थियों में इस मार्शल आर्ट में रुचि बढ़ेगी और आने वाले समय में विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग करते हुए गतके में ज्यादा कौशलता और निपुणता हासिल करेंगे।

## पीडब्ल्यूडी की जमीन अवैध निर्माण ध्वस्त कराकर कब्जा मुक्त कराई



**स्योहारा।** मिल चौक मुरादाबाद मेन रोड पर कुछ व्यक्तियों द्वारा लोक निर्माण विभाग की जमीन पर अवैध निर्माण कर रखा था। जिसमें से लगभग आधी जमीन को लोक निर्माण विभाग द्वारा कब्जा मुक्त कराते हुए 6 निर्माणाधीन दुकानों को ध्वस्त किया गया और उसे यथा स्थिति बनाएं रखने के आदेश दिए गए लेकिन आदेशों का उल्लंघन करते हुए दबंगो नें फिर निर्माण करना चाहा तब शिकायतकर्ता सक्रिय हो गए और उनकी शिकायत पर पुलिस बल के साथ लोक निर्माण विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर, राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार एवं नगर पालिका कर्मचारी व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां पहुंचकर उन्होंने जमीन की नाप तौल करते हुए जमीन को चिन्हित किया और हत्ते लगा दिए ताकि आगे निर्माण रोका जा सके। अब शिकायत कर्ता ने कुछ मीटर बची हुई जमीन पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की है ताकि राजस्व के हो रहे नुकसान से बचाया जा सके। इस संबंध में लोक निर्माण असिस्टेंट इंजीनियर ने कहा कि बची जमीन से भी अतिक्रमण हटाया जायेगा।

# धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

### भाजपा महामंत्री रश्मि का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** संकट मोचन बालाजी मंदिर में दिव्य और भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती रश्मि रावल का इस मौके पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खेल सिंह राजपूत, महंत मोहित त्यागी, मंजू त्यागी, ऋतिक त्यागी, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बंजारा, विकास त्यागी तथा विकास भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और बालाजी महाराज के जयकारों के साथ हुई। इसके बाद सुंदर कांड पाठ व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। रश्मि रावल ने कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं होते, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा और जागरूकता के केंद्र भी होते हैं।

उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए महिलाओं को संगठित होकर सामाजिक कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। महंत मोहित त्यागी ने मंदिर की धार्मिक गतिविधियों और जनसेवा के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संकट मोचन श्री बालाजी मंदिर हर वर्ग के लोगों की आस्था का केंद्र है।

मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बंजारा ने आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम और बालाजी महाराज के जयघोष से गूंजता रहा।

## शिशु मंदिर में नेत्र जांच शिविर आज

**नहटौर।** हिमालयन अस्पताल जौली ग्रांट देहरादून की ओर से रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर नहटौर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे आयोजित होगा।

## एसडीएम ने पालिका को दिये अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**नजीबाबाद।** एसडीएम विजय शंकर ने नगर पालिका को नगर के मुख्य बाजारों में बढ़ते अतिक्रमण व जाम की समस्या को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाकर इन स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिये है। एसडीएम ने तहसीलदार अमित कुमार की उपस्थिति में नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मुक्ता कुमारी से अतिक्रमण व ई- रिक्शाओं के मनमाने ढंग से संचालन के कारण बाजारों में लगने वाले जाम को देखते हुए पालिका से जल्दी ही अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये है। एसडीएम ने ई-रिक्शाओं के जाम से निपटने के लिए ई-रिक्शा चालकों की बैठक बुलाने तथा उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर रिक्शा खड़ी न करने के निर्देश दिये।

# दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दुआएं

### विमान हादसे में मृतकों के लिए व्यक्त की शोक संवेदनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे मे मरने वालों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु दुआएं की है। नगर के सर्वसमाज के लोगों ने इस भयावह हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए राजनीतिक, समाज सेवी, चिकित्सकों, शिक्षकों एवं आमजन ने गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

कांग्रेस लीडर शेरबाज पठान ने कहा कि यह प्लेन क्रैश हादसा हमारे भारत की पहली ऐसी हृदय विदारक घटना है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। यह बहुत बड़ी दुखद घटना है। मैं इस हादसे में मरने वालों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे को एक बहुत बड़ी हृदय विदारक घटना बताया और कहा कि मैं इस हादसे से बहुत दुखी हूं और ऊपर वाले से प्रार्थना करता हूं कि इस हादसे में मरने वालों के परिवारों को हिम्मत और ताकत दे।

बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी क्षेत्र के ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. शकील हाशमी ने भी गुजरात के अहमदाबाद में हुई प्लेन क्रैश की घटना को बहुत दुखद घटना बताया और मरने वालों की आत्माओं की शांति के लिए दुआएं करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

बसपा वरिष्ठ नेता अखिल अंसारी ने भी इस प्लेन क्रैश हादसे को एक दुखद घटना बताते हुए गम दिल से अपने रंजोगम का इजहार करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ऊपर वाले से दुआ कर मरने वालों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व्यापारी हाजी अफजल कुरैशी, सपा जिला सचिव सभासद्पति शेख रईस अहमद, सपा नगर अध्यक्ष नाजिम खान, सपा जिला सचिव हाजी मो. हसिन अंसारी, युवा समाजसेवी व्यापारी नजमुल हसन रिजवी, मसूद उल हसन उर्फ असद मियां, शिक्षक काजी फिरोज अहमद, डॉ. लाखन सिंह चौधरी, प्रधानाचार्य एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर हाजी मोहम्मद ताहिर, डॉ. विकास तोमर, रालोद नेता हनी तोमर, रालोद नेता डॉ. विपिन तोमर, मनोज कुमार अग्रवाल एडवोकेट पंप वाले, अखिल भारतीय जाट महासभा जिला अध्यक्ष प्रधान योगेंद्र सिंह, जैदी ऑटोमोबाइल से जकावत जैदी साहब, युवा समाजसेवी शेख इजमाल अहमद, याहिया मुराद, विपिन कुमार गोयल एडवोकेट, कुलदीप सिंह एडवोकेट, शिक्षक रिजवान अख्तर, अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक हाजी मोहम्मद इल्तिफात अहमद, भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद राजेश श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश वर्मा, समाजवादी पार्टी नेता आमिर सिद्दीकी, भारतीय किसान यूनियन टिकैत नेता व मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ, राजकीय ठेकेदार असलम मलिक, जुबैर कासिम, शेख जुबैर अहमद, मोहम्मद आरिफ एडवोकेट आदि ने भी इस दुखद घटना पर अपने रंजोगम का इजहार करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर/अल्लाह से प्रार्थनाएं/दुआएं की है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर स्थानीय गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर 30 यूपी एनसीसी बटालियन बिजनौर के निर्देशन तथा गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज के एनसीसी अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर में विवेकानंद डिग्री कॉलेज दरबड़ा तथा गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज चांदपुर के कैडेट ने भाग लिया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर साधना ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान के द्वारा हम दूसरों की जान बचा सकते हैं तथा इससे व्यक्ति को स्वयं भी पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त रक्तदान करने वाले व्यक्ति अधिक स्वस्थ एवं विकार रहित रहता है। रक्तदान करने वाले कैडेट्स के अतिरिक्त महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश सिंह ने भी रक्तदान किया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार ने बताया कि गलत खान-पान व रहन-सहन के कारण बड़ी संख्या में आजकल युवा रक्त की कमी के शिकार हैं।

शिविर में विवेकानंद डिग्री कॉलेज की एनसीसी अधिकारी डॉ. रेशमा सैलानी तथा 30 यूपी बटालियन एनसीसी के हवलदार रुक नाम लिंबू भी उपस्थित रहे। इस कार्य में गुलाब सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का सराहनीय सहयोग रहा।

# अहमदाबाद में विमान हादसे पर जताया शोक

### मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर समाजसेवियों, पत्रकारों व जागरूक नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई।

गौरतलब है कि अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट हादसे का शिकार हो गई थी। जिसमें 241 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा था। विमान का पिछला हिस्सा मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकरा गया था। जिससे कई छात्र भी चपेट में आ गए। मृतकों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत भारत, ब्रिटेन, कनाडा व पुर्तगाल के नागरिक शामिल थे। हादसे की सूचना मिलते ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। सरकार व संबंधित एजेंसियों ने हादसे की जांच के आदेश दे दिये थे। चश्मदीदों के मुताबिक, हादसा बेहद भयावह और हृदयविदारक था। हादसे पर अफजलगढ़ के समाजसेवी नेता इस्माइल तुर्क, चेयरमैन सलमान, मास्टर शमीम, समाजसेवी सला. उद्दीन अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार समा. जसेवी अब्दुल बारी, शेख इरशाद, नासिर कुरैशी, किसान नेता रिजवान, मास्टर असद, भाजपा नेता मुकेश उर्फ मुन्ना, मुफ्ती रियाज, सपा नेता इस्लामुद्दीन, वेलफेयर प्रेस क्लब अध्यक्ष विनय भार्गव ने गहरा दुख जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी। सभी ने कहा कि यह हादसा देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है और इससे हर नागरिक का दिल दहल गया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति और परिजनों को धैर्य व शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। इनका कहना है कि सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि फिर से ऐसा हादसा न हो।

## फैमिली आईडी का लाभ दिलाने के लिए प्रचार-प्रसार शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** उत्तर प्रदेश शासन प्रदेश में अध्यासित परिवारों वालों के लिए फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना के अंतर्गत पोर्टल के माध्यम से इस योजना का जनमानस को लाभ दिलाने के लिए 1 जून से नगर के 25 वार्डों में प्रचार प्रसार करना प्रारंभ कर दिया है। इस योजना में फैमिली आईडी के माध्यम से जनमानस को लाभ मिल सके।

उत्तर प्रदेश शासन में प्रदेश में लाभार्थीपरक योजनाओं की बेहतर प्रबंधन व पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना के अंतर्गत जनमानस को लाभ दिलाने के लिए इस योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना के माध्यम से जनमानस को लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ मिल सके तथा उनका लाभ उठा सके। साथ ही इस योजना के अंतर्गत फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से निर्गत की गई है। फैमिली आईडी हेतु दर्ज परिवार वितरण को संशोधित किए जाने की पूर्व व्यवस्था नहीं थी। शासन ने जनमानस आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से निर्गत की जाने वाली फैमिली आईडी दर्ज परिवार का विवरण को संशोधित किए जाने की व्यवस्था विकसित कर ली गई है।

अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से आईडी धारक परिवार द्वारा पूर्व में दर्ज परिवार का विवरण को फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से संशोधित करने हेतु आवेदन किए जाने की व्यवस्था की गई है। फैमिली आईडी हेतु दर्ज परिवार का विवरण संशोधित ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया का विस्तृत तथा नगर पालि. का क्षेत्र में इस योजना को उचित माध्यम से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में 1 जून से इस योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रचार प्रसार कराया जा रहा है ताकि फैमिली आईडी के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वह व्यक्ति भी फैमिली आईडी के माध्यम से राशन कार्ड बनवा सकता है तथा राशन कार्ड के अलावा अन्य कई कल्याणकारी योजनाओं में भी लाभ लेने के लिए फैमिली आईडी का इस्तेमाल कर सकता है।

# राजनीतिक क्षुधाओं की पूर्ति को तीर्थ विकसित करने का ढोंग रचने का आरोप

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। पौराणिक कल्कि तीर्थ के नाम पर अन्यथा कल्कि तीर्थ बनाने के प्रयासों पर अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर हिन्दू धर्म तीर्थ के नाम पर खिलवाड़ करने के खिलाफ आन्दोलन किये जाने को विवश होने की चेतावनी दी है।

महासभा के अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को प्रेषित किए गए पत्र में कहा है कि लोकामात अहिल्यया बाई होल्कर ने कल्कि भगवान के पौराधिक स्थल को पुर्नस्थापित किया है। जिसे लक्ष्मी नारायण मंदिर के नाम से भी पुकारा जाता है। क्षेत्र मुस्लिम बहुतायत आबादी होने के बावजूद लगभग पिछले तीन शताब्दी से उक्त पौराण्कि तीर्थ की देखभाल हिंन्दुत्व के रक्षक होल्कर साम्राज्य करता आ रहा है। राष्ट्र की आज़ादी के बाद से ये दायित्व 1962 में गठित खसगी देवी अहिल्याबाई होल्कर चैरीटीज ट्रस्ट समस्त राष्ट्र के अलग-अलग भागो में फैली विशल हिन्दू धर्म तीर्थों के साथ

### राज्यपाल व सीएम को भेजा पत्र

साथ कल्कि तीर्थ को भी निभाता आ रहा है। पत्र में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षो से धर्म को राजनीति का अखाड़ा समझकर कुछ विशेष व्यक्तियों ने अपनी राजनैतिक क्षुधाओं की प्रतिपूर्ति के लिए तीर्थ के नाम पर झूठा कल्कि विकसित करने का ढोंग प्रारम्भ कर रखा है जो हिन्दू तीर्थ की गरिमा के साथ भददा मजाक है।पत्र में वर्तमान में पौराणिक कल्कि भगवान मंदिर को मुस्लिम अतिक्रमण से मुक्त कराकर बांके बिहारी कॉरिडोर व काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह भगवान कल्कि कॉरिडोर बनाकर पुण्य हिन्दू तीर्थ भव्यता व संरक्षता को नए स्वरूप में परिभाषित किए जाने और धर्म को अपनी राजनीति क्षुधाओं का साधन समढने वाले तत्व को सनातन सम्मान के साथ खिलवाड़ करने से रोके जाने की मांग की है। जबकि खिलाफ पाल, बघेल, धनगर समाज हिंदुत्ववादी आस्थाएं सम्भल नगर में हिन्दू धर्म के तीर्थ के नाम पर खिलवाड़ किए जाने के खिलाफ आन्दोलन करने को विवश होने की चेतावनी दी है।

# चयनित अभ्यर्थियों के जीवन में नए दायित्व कर्तव्यबोध की शुरूआत

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। आरक्षी भर्ती के चयनित 448 अभ्यर्थियों को लखनऊ में नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने को लखनऊ रवाना किये जाने से पूर्व पुलिस अधीक्षक ने ब्रीफिंग कर डयूटी में लगे पुलिस कर्मियों एवं बस चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर रवाना किया।

डी.आर रिसोर्ट, बहजोई में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने ब्रीफिंग कर बताया कि चयनित अभ्यर्थियों एवं आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत जनपद सम्भल से चयनित कुल 448 अभ्यर्थियों जिनमें (379 पुरुष, 69 महिलाएं) को आज को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में गृहमंत्री, भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। ब्रीफिंग में चयनित अभ्यर्थियों, उनके परिवहन हेतु निधरित बस चालकों, डयूटी पर नामित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगी स्टाफ को यात्रा व्यवस्था, सुरक्षा, अनुशासन तथा समयबद्ध संचालन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर उनके जीवन में एक नए दायित्व और कर्तव्यबोध की शुरुआत है। उन्होंने सभी से पुलिस सेवा में ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव के साथ कार्य उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को और ने चयनित अभ्यर्थियों को लेकर लखनऊ जा रही 11 बसों को रवाना किया गया।



सम्भल-चयनित अभ्यार्थियों को लखनऊ रवाना होने से पूर्व ब्रीफिंग करते पुलिस अधीक्षक।

# डीएम व एसपी ने रक्तदान कर किया प्रेरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने रक्तदान किया।

जिला संयुक्त चिकित्सालय, आयोजित स्वैछिक रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा रक्तदान करने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक एस्कोर्ट में नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा भी स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# अधिवक्ता को रास्ते में रोककर दी जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। अधिवक्ता ने युवक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए बबराला चौकी में तहरीर दी है। अधिवक्ता तालेबर सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी सर्राफा

### पुलिस चौकी बबराला पर दी तहरीर

बाजार बबराला थाना गुन्नौर ने तहरीर में कहा कि शनिवार सुबह करीब आठ बजे नगर से सटे गांव भगतानगगां से दूध लेकर आ रहा था। वह रामलीला ग्राउण्ड बनराला में हलवाई की दुकान था। तभी पीछे से पास के मोटर साईकिल लेकर पास के गाँव का युवक आया उसने मुझे रोक लिया और बोला साले तूने मेरे खिलाफ चैक बाऊन्स का मुकदमा कराया है आज तुझे जान से मार दूंगा जब आरोपी से कहा कि ऐसा क्यों कर रहे हो तो उसने गन्दी गालियाँ देते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। इस बीच लोगों ने आकर अधिवक्ता को बचाया फिर भी ऐलानियां खुला चेलेज देते हुए तुझे टक्कर मारकर कहीं खत्म कर देने और किसी को पता भी नहीं चलने की धमकी दी। बबराला चौकी इंचार्ज विशाल विशाल शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच करके कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

जान गंवाने वाले यात्रियों की आत्मा की शांति को केंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

# विमान हादसा दुनिया का क्रूरतम हादसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। तिरंगा मार्केट के दुकानदारों ने अहमदाबाद में हुए वायुयान हादसे में 266 मृतकों की आत्मिक शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रृद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मार्केट के नोमान प्रधान ने कहा कि वायुयान हादसा दुनिया का क्रूरतम हादसा है। ऐसी दुर्घटना की विश्व स्तरीय जांच होनी चाहिए और मृतकों के परिवार जनों को सरकारी नौकरी तथा पालन पोषण शिक्षण की पूरी व्यवस्था सरकार की ओर से की जानी चाहिए। दुर्वेश सैनी ने कहा कि

### मृतक परिवारों को सरकारी नौकरी देने की मांग

अहमदाबाद में 266 लोगों का काल के गाल में समा जाना हर मानव को व्यथित करता है। उनके इस दुख की घड़ी में हम सब उन परिवारों के साथ हैं। तिरंगा मार्केट के दुकानदार मोहम्मद आबिद हुसैन, डा. नीरज तोमर, मोहम्मद अनस खान, तेजपाल सैनी, आदित्य शर्मा, ताहिर हुसैन, मोहम्मद नाजिम, राव आकिफ, हाजी मोहम्मद हबीब, मोहम्मद जुबेर आलम, अजय शर्मा, रोहित कुमार, बिलाल, अहमद हुसैन आदि ने हाथों में जलती हुई मोमबत्ती लेकर 2 मिनट का मौन धारण किया। ईश्वर से वायुयान हादसे में मृतकों की आत्मा को शांति हेतु प्रार्थना की और उनके परिवार वालों को वज्राघात सहन करने की ईश्वर से सामूहिक प्रार्थना की गई।

# डिस्पेंसरी की आड़ में चलता है मेडिकल स्टोर पर खेल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। निजि चिकित्सकों की अस्पताल नुमा क्लीनिकों पर डिस्पेंसरी की आड़ में मेडिकल स्टोर संचालन पर जमकर खेल किया जाता है। रोगी को दी जाने वाली दवाओं पर कीमत से अधिक रकम वसूलने के साथ मोटा कमीशन लिया जाता है।

### औषधी विभाग का छापा पड़े तो बता दिया जाता है डिस्पेंसरी

छोटे हों या बड़े अस्पताल अथवा क्लीनिक सभी पर छोटे जगह में मेडिकल स्टोर बना दिये गए है। इन मेडिकल स्टोरों पर औषधी विभाग का छापा पड़े तो उसे डिस्पैंसरी बताकर अफसरों की आंख में धूल झोंकने का प्रयास होता है,लेकिन हकीकत में निजि अस्पतालों, क्लीनिकों पर चल रहे मेडिकल स्टोर लूट की दुकाने बनी हुई हैं। जेनेरिक दवाओं का इनसे कोई मतलब नही होता,जबकि इन मेडिकल स्टोरों पर निर्धारित कीमत से अधिक रकम वसूली जाती है। यह सब खेल मोटी कमीशन वसूलने के लिए खेला जाता है,जबकि अस्पताल स्वामी और चिकित्सक पाक-साफ बना रहता है।

# उधार की रकम मांगने पर घर में घुसकर मारपीट

शाह टाइम्स, ब्यूरो

सम्भल। नगर के युवक ने उधार लिए रुपये मांगने पर घर मे घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए गुन्नौर कोतवाली में तहरीर दी है।

शनिवार को दुर्गेश पुत्र धर्मपाल निवासी लोहिया कालोनी बबराला कोतवाली गुन्नौर ने तहरीर में कहा है कि उसने गुन्नौर तहसील के गांव धनीपुर के युवक को 60 हजार रुपये एक माह को उधार दिए थे। जिसमें उसने 35 हजार वापस कर दिये। उसने आज फोम पर 25 हाजत बकाया रुपये देने को कहा तो वह युवक अपने भाइयों के साथ उसके घर मे घुस आये और उसको मारापीटा। दुर्गेश अपना आवास बबराला लोहिया कालोनी में बनवा रहा है। झगड़े की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायल की तहरीर देने पर मेडिकल को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गुन्नौर भेजा दिया। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा



सम्भल-बराही स्थित सपा के कैम्प कार्यालय पर विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रृद्धांजलि देते।

# गर्मी से नहीं मिल रही निजात

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। आसमान से बरस रही आग से निजात नहीं मिल पा रही हैं। मानसूनी बारिश का अभी दूर-दूर तक अता पता नहीं हैं,जबकि भयंकर गर्मी में बिजली भी आंसू निकाल रही है।

### भयंकर गर्मी में बिजली भी निकाल रही आंसू

गर्मी का पारा रोज़ाना चढ़ता जा रहा है। सुबह से ही भयंकर गर्मी की शुरूआत हो जाती है। सूरज की किरणों फैलते ही गर्मी का प्रकोप सर चढ़कर बोलने लगता है। दोपहर को गर्मी का भयंकर हाल होने से जनमानस बुरी तरह व्याकुल हो जाते हैं। गर्मी से बचने को अभी मानूसनी बारिश का दूर-दूर तक पता नहीं है,जबकि लोग आसमान की ओर अकटकी लगाए देख रहे हैं। उधर गर्मी में बिजली आपूर्ति भी लड़खड़ायी हुई है। कब किस समय बिजली गुल हो जाये कुछ पता नहीं रहता।

# राहगीरों को शर्बत पिलाकर दिलायी राहत

सम्भल। मुरादाबाद मार्ग पर दूर दराज से आए नमाजियों और राहगीरो को चिलचिलाती धूप में गर्मी से राहत पहुंचाने को लोगो ने ठंडे शर्बत का इंतेजाम किया। भयंकर गर्मी और पसीने में तरबतर होकर आते दो पहिया वाहन सवार व पैदल और वाहनों से आते-जाते लोगों को ठंडा शर्बत पीकर काफी हद तक चिलचिलाती गर्मी से सुकून मिला।

# योगाभ्यास के आयोजन को सीडीओ ने सौंपी व्यवस्थाएं

शाह टाइम्स, ब्यूरो

सम्भल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जाने लगा है। जबकि जगह-जगह योग कार्यक्रम के आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं को भी सौंपा जा रहा है। कैलादेवी पर होने वाले योग कार्यक्रम के आयोजन को सीडीओ ने जिम्मदारियां दीं।

21 जून से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इसे लेकर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने विकास खंड पंवासा के कैलादेवी मंदिर परिसर में प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक होने वाले योग कार्यक्रम को जिम्मेदारों की बैठक ली। बताया कि 15 जून से 21 जून तक होने वाले योगाभ्यास के तहत निर्धारित संख्या में प्रधानाचार्य, शिक्षक, लखपति दीदी व सक्रिय कृषक व ग्रामवासी शामिल होंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अधिकारियों को जिम्मदारियां दीं

# विमानन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की तत्काल की जाए समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। समाजवादी पार्टी की बैठक में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में दिवंगत यात्रियों की आत्मा की शांति को दो मिनट का मौन धारण किया और जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना प्रकट की।

### सपा की बैठक में हादसे में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

कैम्प कार्यालय ग्राम बराही पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि विमान हादसे की हृद विदारक घटना ने पूरे देश को झकढोरकर रख दिया है। उन्होने इस हृद विदारक हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हुए हादसे को राष्ट्र के लिए गहरा आघात बताया। इसी के साथ बैठक में हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को एक-एक करोड़ रूपये दिये जाने और केन्द्र सरकार से विमानन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को तत्काल समीक्षा करने की मांग की। इस मौके पर सुभाष चन्द्र, नदीम खान, प्रधान संघ के अध्यक्ष कौसर अंसारी, फय्याज प्रधान, सुलेमान एड., हाजी तसददुक अंसारी, नियासत सैफी, डा. जरीफ उस्मानी,साबिर खान, आसिफ सिददीकी आदि मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ीकरण में बाधक दीवार को हटवाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। सड़क के चौड़ीकरण और सौन्दर्यकरण को चलाये जा रहे अभियान में नायब तहसीलदार ने सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कराया।

मौहल्ला चौधरी सराय स्थित सम्भल बहजोई मार्ग पर सड़क किनारे दीवार बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। सड़क के चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग की और से लाल निशान लगाकर चिन्हित कर दिया गया था। शनिवार को नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को ध्वस्त कराया।




सिरसी-हाई स्कूल व इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हकीम जफर अहमद सादिक

# डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। थाना समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण योजना के तहत थाना समाधान दिवस का आयोजन नखासा कोतवाली परिसर में किया गया। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई जनसुनवाई की। थाना हयातनगर व थाना नखासा पर आयोजित थाना समाधान दिवस में दोनों ही अधिकारियों ने थाने पर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा उनके शीघ्र निस्तारण को निर्देशित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# देश विकास की ओर अग्रसर: राजेश शंकर राजू

शाह टाइम्स, संवाददाता

बबराला। नगर पंचायत गुन्नौर सभागार में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल अभियान के तहत भाजपा गुन्नौर मण्डल की संकल्प सभा आयोजित हुई। जिसमें पिछले 11 वर्ष के जो सेवा का कार्य रहा है।उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने कहा कि 11 वर्षों में देश के अंदर जो निराशा की भावना छाई हुई थी,वह आशा में परिवर्तन हुई है। इन 11 वर्षों के अंदर देश ने हरेक दिशा में अभूतपूर्व उन्नति और विकास किया है।अभी कुछ समय पहले जो आपरेशन सिंदूर हुआ और उससे पहले पुलवामा या बालाकोट की घटना हो। हरेक घटना का भारत की सेनाओं ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। वर्ष 2014 के बाद में इन 11 वर्षों में देश के सेनाओं ने और प्रधानमंत्रे नरेन्द्र मोदी ने जो देश की सेनाओं को एक स्वतंत्र रूप से देश की रक्षा के लिए उनको खुली छूट दी, उसका परिणाम है कि आज देश के ऊपर कोई भी ऐसी ताकत देश को तोड़ने की या देश के नागरिक को उनकी हत्या करने की साजिश करती है, देश की सेनाएं उनको मुंहतोड़ जवाब देती है। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि 15 से 18 जून तक सभी मंडलों के सभी शक्ति केंद्रों पर एक-एक चौपाल का आयोजन होगा। इसी श्रृंखला के 21 जून को सभी मंडल केंद्रों पर योग दिवस एक शिविर लगाए जाएंगे। 9 जून से 9 जुलाई तक बदलता भारत मेरा अनुभव विषय पर डिजिटल प्रतियोगिता कराई जाएगी। इन सभी कार्यक्रमों में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं एक पेड़ मां के नाम लगाए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए 21 जून तक देशव्यापी अभियान चलाया जायेगा।इस दौरान भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, धार्मेन्द्र प्रजापति, जूलियस सीजर, इंदीवर सिंह, असलम, रवि, राकेश वार्ष्णेय, जयदेव, महीपाल सिंह, जुबैर उस्मानी, इमरान काजी, कोमिल, सचिन, राहुल आदि मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं



बबराला-नगर पंचायत गुन्नौर में भाजपा की विकसित भारत की अमृतकाल सेवा बैठक में बोलते।

# मेधावी छात्र रौनक रजा पुरस्कार से किए गए सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

सिरसी। कस्बे की रौनक रजा लाईब्रेरी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को रौनक रजा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ ही अनेक धर्म गुरू भी मौजूद रहे।

नगर पंचायत के पूर्व चैयरमेन मरहमू चौ. रौनक रजा ने इस लाइब्रेरी की स्थापना की थी। गत वर्ष भी इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया था। स्थित मरहूम पूर्व चैयरमेन के आवास पर पुरस्कार समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा दस व बारह के सत्तरह छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की दुआ की गई। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हकीम जफर अहमद सादिक के अलावा मौलाना आबिसा मेंहदी, मौलाना मन्जर अब्बास, मौलाना मौहम्मद नबी हैदर, मौलाना सुबहान असगर, बहमन जहरा स्कूल के प्रधानाचार्य शोभित रस्तोगी, उप प्रधानाचार्य मौ. औन नकवी, चौ. हसन आरिफ, नदीम ज़ैदी, शबीह अब्बास आदि के अलावा अन्य शिक्षा प्रेमियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कमर अब्बास नकवी ने किया। कार्यक्रम के अंत में मौलाना अहतेशाम अली ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सोहन लाल आज सम्भल में

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। पिछड़ा वर्ग आयोग में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सोहनलाल श्रीमाली पंजू सराय स्थित दुर्गा भवन में आज आगमन होगा। उनका शिवगोरख मंदिर समिति के सभी साधक पदाधिकारी, व अखिल भारतीय श्रीमाली, जिलासभा द्वारा स्वागत किया जायेगा।

# सूफियाना कलामों पर झूमे अकीदतमंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। हजरत दादा फखरूददीन रहमतुल्ला अलेह के सालाना उर्स मुबारक मे देर रात महफिले कव्वाली का आयोजन किया गया।

नगर से चौधरी सराय स्थित हजरत दादा फखरूददीन रहमतुल्लाह अलेह का सालाना उर्स मुबारक उत्साह व अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। उर्स मे देर रात सजी कव्वाली की महफिल मे कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश करते हुए सभी अकीदतमन्दों को झूमने पर मबजूर कर दिया। अकीदतमंदों मे उस वक्त रूहानी जोश देखने को मिला जब मौला अली और हुजूर की शान में कलाम पढ़े गये।हर तरफ से नजरानों की बौछार हो गई। इसके अलावा लंगर का भी जगह जगह आयोजन कर वितरण किया। हजरत दादा फखरूददीन रह. का उर्स का समापन कुल की रस्म अदायगी के साथ किया जायेगा।

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# लाइनमैन की करंट से मौत मामले में दो गिरफ्तार

सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )। कैला देवी थाना क्षेत्र के चंदनकटी मौजा निवासी 22 वर्षीय रोहतास की बिजली की लाइन जोड़ने समय थाना क्षेत्र के ही लालपुर गांव में बिजली विभाग के लापरवाही के चलते शटडाउन के बाद बिजली छोड़ देने से करंट से मौत हो गई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर एसडीओ जेई व एसएसओ विद्युत सहित 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शनिवार को पुलिस में थाना क्षेत्र के चाचू नागल चौराहे से वांछित आरोपियों में से मुरादाबाद की बिलारी थाना अंतर्गत ग्वारऊ गांव निवासी रंजीत पुत्र अमर सिंह व सम्भल के धनारी थाना क्षेत्र के सुनवर सराय निवासी पप्पू पुत्र हरपाल को गिरफ्तार कर लिया।

# जमीन पर कब्जे की आई 13 शिकायतें प्रधान व लेखपाल में हुई तीखी नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** शनिवार को लगे थाना दिवस में दो प्रधानों समेत 13 ग्रामीणों ने चकरोड और जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश नही होने पर गांव रानी नांगल के प्रधान एवं हल्का लेखपाल में तीखी बहस हुई। एसएसआई महेश कुमार मलिक की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गांव रानी नांगल के प्रधान नबाव अली ने लेखपाल पर राजकीय जमीन को कब्जा मुक्त नही कराने का आरोप लगाया। प्रधान का कहना है कि गांव में संचालित गोशाला में 300 गोवंशीय पशुओं की देखभाल की जा रही है। राजकीय जमीन पर कब्जा होने की वजह से पशुओं को हरा चारा खरीदकर खिलाया जा रहा है। जबकि राजकीय जमीन पर हरा चारा उगाकर पशुओं को खिलाया जा सकता है। शिकायत करने के बाद भी लेखपाल राजकीय जमीन की पैमाइश कर ग्राम सभा की सुपुर्दगी में नहीं दे रहीं हैं। इसको लेकर लेखपाल एवं प्रधान में तीखी नौकझौक नोंक-झोंक हुई। पुलिस ने हस्तक्षेप कर दोनों को शांत किया। उधर गांव हटहट के तय्यवअली ने पड़ोसी पर खेत की मेढ़ काटने, इरफान अहमद ने फुरकान पर जमीन पर कब्जा करने,अजीम ने मौला वख्श पर रास्ता बंद करने, अब्दुल हफीज ने चकरोड से कब्जा हटाने,सुरेश व हनीफ ने तालिम पर चकरोड की मिट्टी बेचकर चार फिट गहरा गड्ढा करने, कृष्ण पाल ने चकरोड पर कब्जा करने, गिरीश,



संजय, अफसाना शमसुद्दीन व सुनीता ने पड़ोसियों पर चकरोड पर कब्जा करने एवं मौ तारिक ने मुनव्वर के कब्जे से राजकीय जमीन को चिंहित कर कब्जामुक्त कराने की मांग को लेकर प्रार्थना-पत्र दिए। थाना दिवसाधिकारी ने शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए राजस्व विभाग और बीट प्रभारियों को दे दिया। 13शिकायतों में से एक का भी निस्तारण नही हुआ है।

## नीट यूजी में ऑल इंडिया रैंक हासिल कर वंश ने कमाया नाम



**बिलारी।** नगर में श्री वैश्य कुमार तनय सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष गंगा प्रसाद राजेश के बेटे व समाजसेवी राजू गुप्ता के भतीजे वंश ने नीट यूजीसी की परीक्षा उत्तीर्ण की। वंश ने ऑल इंडिया रैंक 1118 हासिल का परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंश के परिवार के लोगों को बधाई देने वालों का तांता घर पर लग गया। वंश ने 2023 में सिल्वर ओक अकादमी से कक्षा 12 के रिजल्ट में तहसील टॉप किया था। इस बार नीट यूजी के जारी रिजल्ट में 1118 ऑल इंडिया रैंक हासिल का परिवार व नगर का मान बढ़ाया।

# टिमिट के एमबीए की मेधावी छात्रा का ब्राउन ब्रिक्स एचआर सॉल्यूशंस कंपनी में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के एमबीए के छात्र-छात्राओं के लिये वैश्विक कॉर्पोरेट कंपनीयों के द्वार हमेशा खुले हैं व सभी बडी कंपनियाँ टिमिट के एमबीए के छात्र-छात्राओं को अन्य संस्थानों की तुलना में वरीयता प्रदान करती है। टिमिट एमबीए छात्र-छात्राओं की कार्पोरेट जगत में भारी माँग है। बडी कंपनियों में लगातार छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंन्ट होना संस्थान, फैकल्टिज् व इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्लेसमेंट सैल की उत्तम कार्य प्रणाली को दर्शाता है। इसी क्रम में प्रतिष्ठित कंपनी "ब्राउन ब्रिक्स एचआर सॉल्यूशंस" ने टिमिट के एमबीए की भाग्यशाली छात्रा प्रिया कुमारी को एसोसिएट कंसल्टेंट - रिक्रूटमेंट्स के पद पर नोएडा में



प्रिया कुमारी

ज्वाइनिंग हेतु आमंत्रित किया। ब्राउन ब्रिक्स एचआर सॉल्यूशंस एक प्रतिष्ठित मानव संसाधन सेवा प्रदाता कंपनी है, और टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिवद्ध है विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व उन्होंने कहा कि टिमिट मंडल का अग्रणी संस्थान है और यहां के छात्रों को लगातार उच्च स्तर का प्लेसमेंट मिल रहा है। टिमिट में निरंतर हो रहे प्लेसमेंट और कॉर्पोरेट सेक्टर की बढ़ती रुचि यह सिद्ध करती है कि संस्थान का शैक्षणिक वातावरण, फैकल्टी व प्लेसमेंट सैल की कार्यप्रणाली अत्यंत प्रभावी है।

## यज्ञ द्वारा मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना



**मुरादाबाद।** स्त्री आर्य समाज मण्डी बांस मे साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। पं वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। तत्पश्चात मंत्री प्रीता आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया।सत्संग में अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में असमय कालकलवित हुए भारतीय व विदेशी नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति व सद्गति हेतु प्रार्थना की गयी। अंत में मौन रखकर ईश्वर से सभी सम्बन्धियो और देशवासियों को दुख सहन करने की प्रार्थना की गयी । इस अवसर पर प्रीता आर्य,रमा आर्य,मनु आर्य,शिखा आर्य,पूनम आर्य,साधना आर्य,सुमनलता, सारिका आर्य विशेष आर्य और पूनम रस्तोगी उपस्थित रहीं

# टीएमयू के प्रो. अनुराग वर्मा की झोली में गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर इंडियन पेटेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा को बड़ी उपलब्धि मिली है। प्रो. वर्मा को कार्बोक्सीमिथाइलेटेड गम स्टर्कुलिया के संग गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर प्रथम भारतीय पेटेंट प्राप्त हुआ है। इस पेटेंट का उद्देश्य एक ऐसी औषधि वितरण प्रणाली विकसित करना है, जो पेट में लंबे समय तक ठहर सके। साथ ही सक्रिय औषधीय घटकों की अवशोषण प्रक्रिया को बेहतर बनाकर उपचार की प्रभावशीलता को बढ़ा सके। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने प्रो. वर्मा को इस वैज्ञानिक उपलब्धि के लिए



बधाई देते हुए कहा, यह पेटेंट यूनिवर्सिटी की अनुसंधान संस्कृति का प्रतीक है। इंडियन पेटेंट ने इस शोध कार्य को पेटेंट संख्या 551569 के अंतर्गत स्वीकृति दी है। यह पेटेंट फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अनुसंधान में डॉ. वर्मा के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली की सीनियर फैकल्टी डॉ. अमित कुमार वर्मा सह-पेटेंटधारी के रूप में जुड़े हैं। टीएमयू फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वर्मा बताते हैं, इस फॉर्मुलेशन में प्राकृतिक गम स्टर्कुलिया को कार्बोक्सीमिथाइलेट करके एक नवीन मैट्रिक्स तैयार किया गया है। यह औषधि को नियंत्रित गति से रिलीज करने में सक्षम है। यह तकनीक विशेष रूप से उन रोगों के उपचार में सहायक हो सकती है, जिनमें दीर्घकालिक औषधि प्रभाव की आवश्यकता होती है, जैसे कि गैस्ट्रिक अल्सर, हाइपरएसिडिटी या क्रॉनिक संक्रमण। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन कहते हैं, यह पेटेंट न केवल संस्थान की शोध क्षमताओं को दर्शाता है, बल्कि भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है, प्रो. अनुराग वर्मा के विभिन्न इंटरनेशल और नेशनल जर्नल में 160 रिसर्च पेपर्स प्रकाशन के संग-संग 10 चौप्टर्स भी फार्मेसी की विभिन्न इंटरनेशनल पुस्तकों में शामिल हैं। बतौर फार्मेसी टीचिंग 25 साल की विकास यात्रा भी है।

## एक नजर

### विमान हादसे पर पत्रकारों ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि



**भोजपुर।** गुजरात के अहमदाबाद विमान दुर्घटना हादसे पर शुक्रवार को भोजपुर प्रेस क्लब के पत्रकारों ने गहरा शोक जताया है। मृतकों को श्रद्धांजलि देकर पत्रकारों ने दुख प्रकट किया। पत्रकारों ने विमान दुर्घटना हादसे पर गहरा शोक जताते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।वरिष्ठ पत्रकार अखलाक हुसैन ने कहा की विमान हादसे में जान गवाने वाले यात्रियों के परिवार के प्रति हम सभी पत्रकार अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। वही भोजपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहसिन अंसारी ने कहा की गुजरात के अहमदाबाद विमान दुर्घटना देश के लिए एक गहरी पीड़ा लेकर आया है। उसने देश के हर नागरिक को गमगीन कर दिया है। हम सभी पत्रकार दिवंगत आत्माओं को अपने प्रेस क्लब की और से श्रद्धांजलि देते हैं। इस दौरान पत्रकार फहीम अंसारी, कमर फारूक, सलमान इदरीसी, सोनू अरोड़ा, मो. हसिन सैफी, मुकेश ठाकुर, मोहम्मद शमी, आसिफ सैफी, नदीम अंसारी, शाने आलम, नूर मोहम्मद आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

### हजरत दादा मियां के तीन रोजा सालाना उर्स का हुआ आगाज



**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला तकिया अरब शाह में दादा मियां रहमातुल्लाह अलेह का सालाना उर्स का आगाज कुरआन खघनी से हुआ पहले रोज बाद नमाजे इशा महफिले मिलाद का आयोजन किया गया।

दूसरे दिन महफिले सिमा में कव्वालियों का आयोजन किया जाएगा तीसरे दिन कुल शरीफ मनाया जायेगा।

### अनुलोम-विलोम योग मानसिक तनाव को करता है कम

**भोजपुर।** शनिवार को राजकीय महाविद्यालय में निर्धारित थीम योगा बार वन अर्थ वन हेल्थ के कार्यक्रम की श्रृंखला में आसन शीर्षक के अंतर्गत अनुलोम-विलोम योग द्वारा किस प्रकार श्वसन अंगों को होने वाले लाभ एवं रोगो से मुक्ति मिलने के बारे में जानकारी दी गयी। वंदना भारती ने शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया कि यह आसन पूरे शरीर में शुद्ध आक्सीजन की आपूर्ति को बढ़ाता है। हृदय, फेफड़े, मांसपेशियों एवं पाचनतंत्र को दुरुस्त रखता है। तनाव और चिंता को दूर करके कार्य क्षमता को बढ़ाता है। तनाव के हार्मोन कार्टिसोल के लेवल को कम करके मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखता है।अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने की।

# महाविद्यालय में छात्राओं के लिए ध्यान एवं योग का कराया अभ्यास

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में कुलपति के आदेश अनुपालन में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम ष्योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थष के अंतर्गत क्रीडा विभाग द्वारा महाविद्यालय छात्राओं के लिए ध्यान एवं योग का अभ्यास कराया गया। प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा ने अपने संदेश में कहा कि ध्यान योग का एक अभिन्न अंग है।जब योग और ध्यान का अभ्यास एक साथ किया जाता है,तो यह मन और शरीर के बीच के संबंध को मजबूत करता है जो शरीर की समग्र फिटनेस और सेहत को बेहतर बनाता है।ध्यान आपको शांति, सुकून और संतुलन का एहसास दे सकता है जो आपके समग्र स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकता



है। आप इसका उपयोग आराम करने और तनाव से निपटने के लिए भी कर सकते हैं।

कार्यक्रम में प्रो.अंजना दास, प्रो. किरन साहू, प्रो. मिनाक्षी शर्मा,डॉ.इंदु सिंह, डॉ. प्रीती पाण्डे,डॉ प्रज्ञा, गुल. बहार, यशिका, रोशनी एवं महा विद्यालय की छात्रायें उपस्थित रहीं।

# टीबी की स्क्रीनिंग के लिए चलाए जा रहे अभियान का जिला क्षय रोग अधिकारी ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** 300 दिवसीय सघन टीबी अभियान को सफल बनाने एवं बेसहारा और झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले व्यक्तियों में टीबी की स्क्रीनिंग के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का जायजा लेने के लिए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मोहम्मद जावेद ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सियोडरा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी का दौरा किया इस अवसर पर संदिग्ध टीबी रोगियों में टीबी की पुष्टि हेतु अधिक से अधिक नेट जांच और एक्स रे करने के निर्देश दिए गए। डीटीओ अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 30 जून तक विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें झुग्गी झोपड़ी और सड़क के किनारे बेसहारा लोगों में टीबी की जांच कराई जानी है।

इसका माइक्रोप्लान सीएससी स्तर पर तैयार कर लिया गया है और टीबी के कर्मचारी क्षेत्र में जाकर टीबी की जांच करेंगे । जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर मोहम्मद जावेद ने बताया कि इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों, धूम्रपान और नशा करने वाले व्यक्तियों, कुपोषित व्यक्तियों , टीबी का उपचार ले रहे व्यक्तियों और उनके परिजनों तथा पीएलएचआईवी व्यक्तियों में शत प्रतिशत टीबी की जांच सुनिश्चित की जानी है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरीश चंद्रा सुशील कुमार सिंह राजीव गौड़ और जोगिंदर सिंह भी उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने भगवान कृष्ण द्वारा कालिया नाग को परास्त कर नाथने का प्रसंग बड़े ही मनोहारी ढंग से सुनाया उन्होंने कहा की कालिया नाग के विष के प्रभाव से पूरी यमुना और आसपास का क्षेत्र विषैला हो गया था आम जनता परेशान थी तब भगवान ने इसके समाधान करने का निश्चय किया और यमुना जी में डुबकी लगा दी काफी देर तक उनका कालिया नाग से युद्ध हुआ यमुना किनारे गोकुल वासियों की भीड़ जमा हो गई की विषैला नाग कहीं कृष्ण जी को हानि न पहुंचा दे उनकी माता यशोदा घबरा रही थीं



परंतु कुछ ही देर बाद भगवान कृष्ण नाग को वश में करके उसके फन पर नृत्य करते हुए जल से ऊपर प्रकट हुए तब जयकारे लगे। व्यास जी ने बताया कि नाग के फन पर जो पैर का चिन्ह बना हुआ है वह भगवान कृष्ण का ही है जो उनके नृत्य करते समय बना था इसके बाद कृष्ण ने नाग से अन्यत्र चले जाने को कहा तब नाग उनकी आज्ञा मानकर वहां से चला गया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने कालिया नाग को यमुना से हटकर प्रदूषण मुक्त किया लेकिन हम सबका भी दायित्व है कि जिस गंगा को माता मानते हैं उसे प्रदूषण नहीं करें विधान के साथ स्नान करें और बाहर आ जाएं कपड़े भी निचोड़ने का काम दूर जाकर करें क्योंकि माता गंगा हमारे जीवन दायिनी है सुख समृद्धि उसी के माध्यम से प्राप्त हो रही है उन्होंने कहा कि हमें जलवायु पृथ्वी का प्रदूषण दूर करने के साथ विचारों का प्रदूषण भी दूर करने की जरूरत है।

कथा में अखिलेश मिश्रा शकुन मिश्रा चकित मिश्रा चारू शर्मा कमल कुमार शर्मा शिवांगी आशुतोष कौशिक अशोक प्रीति शर्मा सर्वेश ललिता शर्मा के अलावा सभासद विवेक शर्मा लव कुमार गुप्ता, श्याम कुमार, डॉक्टर अमरीश शर्मा डॉक्टर सपना शर्मा ताराचंद शर्मा मुन्ना श्रोत्रिय मोहनलाल शर्मा आदि रहे।

## चाइल्ड स्पेशलिस्ट ने जांच कर बच्चों के माता-पिता को समझाया



**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरिश्चंद्र चाइल्ड स्पेशलिस्ट द्वारा लाभार्थियों बच्चों को तसल्ली बॉक्स इलाज करने के लिए लाभार्थियों की लंबी लाइन रहती है एक बच्चे को उन्होंने देखा जिसके सर में एक फोड़ा था जो कि बच्चे की परेशानी का कारण बन रहा है इसको तत्काल जिले पर रेफर किया एवं उचित दवाइयां देकर लाभार्थी को संतुष्ट किया बच्चों का बड़ी तसल्ली बॉक्स जांच कर बच्चों के माता-पिता को समझाया और इसका इलाज करने की सलाह दी। जिस पर लाभार्थी महिला ने बड़ी प्रसन्नता महसूस की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बहेड़ी
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 13.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बहेड़ी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद ) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 27.06.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.06.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल. मी. में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गौतम के घर से सुक्खनलाल के घर तक नाली/टाईल्स/पुलिया निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट रेता, रोड़ा आदि। | 40 मी0 | 155016/- | 500 | 2% | 9 माह |
| 2 | मोहम्मद उमर के घर से आशक अली के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 120 मी0 | 369337/- | 500 | 2% | 9 माह |
| 3 | काली सड़क से रामौतार के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 80 मी0 | 317410/- | 500 | 2% | 9 माह |
| 4 | शराफत के घर से छोटी के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 60 मी0 | 213359/- | 500 | 2% | 9 माह |
| 5 | नरोत्तम के घर से नंदकिशोर के घर तक नाला निर्माण कार्य। | ,, | 90 मी0 | 195000/- | 500 | 2% | 9 माह |
| 6 | मदन के घर से हशमत के घेर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 240 मी0 | 378609/- | 500 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बहेड़ी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


## 11 साल पूर्ण होने पर संकल्प सभा का आयोजन

**बिलारी।** नगर के लक्ष्मण सरस्वती शिशु मंदिर में विकसित भारत का अमृत कल सेवा सुशासन गरीब कल्याण की 11 साल पूर्ण होने पर संकल्प सभा का आयोजन हुआ। शनिवार को संकल्प सभा में कमल प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश के बीते 11 वर्षों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है। उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत में हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखाया है। हमारे जवानों ने जवानों की वीरता से सीमाएं सुरक्षित है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी के सब का साथ सबका विकास सबका प्रयास सब का विश्वास के मंत्र ने देश के हर नागरिक को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। आज देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र एक साझा संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। हम सभी का यह साझा संकल्प है कि हम एक नए आत्मनिर्भर सुरक्षित सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। यही प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है आज पूरा देश प्रगति के पद पर अग्रसर है। देश की प्रगति का पत्रक जो 11 साल की उपलब्धियां मोदी सरकार की है उनको कार्यकर्ता अब प्रत्येक शक्ति केंद्र से जन-जन तक पहुंचना है। आज संकल्प सभा के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता आदित्य शंखधार जिला संयोजक आईटी विभाग, मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता, अमित चौधरी, पंकज चौहान,सुमित गुप्ता, शकील अहमद, दिनेश प्रजापति, डॉ विश्वास शर्मा, डॉ राजीव सैनी, मनोज चौधरी, निहाल सिंह लाठर, राकेश यादव, किशन लाल प्रजापति, वीरपाल कोहली,उदय राज सिंह, विक्रम सिंह, शरीफ अहमद, त्रिलोक चंद्र, अनिल कुमार, मनोज कुमार, अजय ठाकुर,नवनीत यादव, रामनिवास शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने फरियादियों की शिकायत सनी जिसमें चक रोड, भूमि पैमाइश खेत की मेड समेत अन्य विवादित शिकायतों को गंभीरता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं दिवस में बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता पहुंचे जिन्हें एसडीएम विनय कुमार सिंह ने सुन कर त्वरित निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार से और पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने फरियादियों की



शिकायतें सुनी। दिवस में ज्यादातर शिकायतें राजस्व की भूमि पैमाइश अवैध कब्जे और चकरोड के अलावा पुलिस संबंधी रही जिम एसडीएम विनय कुमार सिंह ने गंभीरता से निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए दिवस में कुल 17 शिकायती दर्ज की गई । जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर त्वरित निस्तारण कर दिया गया। एसडीम ने राजस्व कर्मियों और पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी हाल में पुराने विवाद लंबित नहीं रहने चाहिए। शिकायत मिलने पर तत्काल ही शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर शिकायत का निस्तारण करना चाहिए दोनों पक्षों को संतुष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जा भूमि पैमाइश और चक रोड की शिकायतों को गंभीरता से लेना चाहिए। सीओ राजेश कुमार तिवारी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जब कोई शिकायत करता थाने आए तो उसकी बात को सुने इसके बाद शिकायत का निस्तारण करना चाहिए। दिवस में कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा अपराध निरीक्षक जयदेव सिंह यादव के अलावा तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती के चयनितों को दी अनुशासन की सीख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के तहत चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ रवाना करने से पहले थाना देहात क्षेत्रान्तर्गत नई मंडी परिसर में ब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को यात्रा संबंधी आवश्यक जानकारी, अनुशासन की महत्ता, वर्दी की गरिमा तथा पुलिस सेवा की ज़िम्मेदारियों से अवगत कराया। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को यह भी समझाया कि वे भविष्य में जनसेवा व कानून-व्यवस्था की रक्षा के लिए पुलिस बल का मजबूत हिस्सा बनेंगे। थाना देहात प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में हुए इस आयोजन ने चयनित युवाओं को न सिर्फ दिशा दिखाई, बल्कि उनमें गर्व और आत्मविश्वास भी भरा। पुलिस विभाग की इस सक्रियता ने यह साबित किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस न सिर्फ कानून व्यवस्था में सख्त है, बल्कि भविष्य के पुलिसकर्मियों को संस्कार, अनुशासन और प्रेरणा भी देती है।

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह अपने घर पर अकेली थी। तभी वहां गांव निवासी एक युवक आया। युवक ने उसको अकेला पाकर छेड़छाड़ शुरू कर दी।

पीड़िता ने उनका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सादिकपुर रेलवे अण्डरपास के पास चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध आता दिखाई दिया। पुलिस ने संदिग्ध को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। पूछताछ में आरा. `पी की पहचान नमंगू पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम भटियाना थाना हाफिजपुर जनपद हापुड के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया बदमाश किसी आपरा. धिक घटना को अंजाम देने की िफराक में घूम रहा था जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ हैं। उन्होंने बताया कि बदमाश को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्लॉट की सफाई करने गए दंपती के साथ गाली-गलौच कर की मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शमशाद रोड स्थित एक प्लॉट पर महिला और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ड्हरी गांव निवासी मिनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को वह अपने पति के साथ शमशाद रोड स्थित अपने प्लॉट की सफाई करने गई थी। तभी ग्राम अतरौली निवासी नितिन तोमर और ग्राम परतापुर निवासी राजू डीलर वहां पहुंचे और दोनों से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। महिला का आरोप है कि उसका गला दबाने की कोशिश की गई, जिससे उसका मंगलसूत्र गिर गया। जब दंपती ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाना चाहा तो आरोपियों ने उनका मोबाइल भी छीन लिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने धमकी दी कि अगर दोबारा इस प्लॉट पर आई तो तेरे इतने टुकड़े करवा देंगे कि कोई पहचान भी नहीं सकेगा। पीड़िता और उसका पति किसी तरह जान बचाकर कोतवाली पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर से नकदी चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर निवासी सतीश ने बताया कि वह किसी कार्य से घर से बाहर गया था। जब वह घर वापस आया तो उसके घर के कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि उसके घर से चोर 15 हजार रुपये चोरी कर ले गया। पीड़ित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## जंगल से बकरा-बकरी चोरी, थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिखेड़ा में जंगल से बकरा-बकरी चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गांव निवासी यूसुफ ने बताया कि उसके बच्चे शुक्रवार को रोज़ की तरह बकरा-बकरी को चराने जंगल में ले गए थे। इसी दौरान सफेद रंग की एक कार आई और बच्चों के सामने ही बकरा-बकरी को उठा ले गई। बच्चों ने विरोध किया तो चोर उन्हें धमकाते हुए फरार हो गए। वारदात पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें साफ दिख रहा है कि सफेद कार से चोर मवेशियों को उठाकर ले जा रहे हैं। यूसुफ ने मामले की शिकायत कोतवाली में दी है और कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## दुकानदार ने युवक पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी शहजाद अली ने बताया कि वह गांव में मोबाइल की दुकान करता है। पीड़ित ने शनिवार की दोपहर को उसकी दुकान पर एक युवक वहां आया और उसको गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने उसको मना किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### दहेज की मांग पूरी न होने महिला को पिलाया ज्वनशील पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी महिला ने ससुराल पक्ष पर पिटाई करने और विरोध करने पर ज्वनशील पदार्थ पिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

मोहल्ला निवासी रुही ने बताया कि उसका निकाह मोहल्ला निवासी युवक से हुआ था। निकाह के बाद से ही उसके पति समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता उनका उत्पीड़न सहन करती रही। पीड़िता ने बताया घकि शनिवार को आरोपी पति ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उसको जबरन तेजाब ज्वनशील पदार्थ पिला दिया। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों ने लगाया जानलेवा हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रझैटी में घर पर बच्चे को दूध पिला रही महिला पर पांच लोगों पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने के लिए आई उसकी चाची पर भी आरोपियों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी अफसाना ने बताया कि वह अपने बेटे को घर पर दूध पिला रही थी। तभी फुरकान, इशरार, इरशाद, कासिफ वहां आए और आरो. पियों ने उसके साथ अभद्रता की। पीड़िता ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान उसकी चाची बचाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी पिटाई कर दी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सडक़ हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली कस्बा स्थित हरोड़ा रोड पर सड़क हादसे में हुई बाइक सवार साजिद की मौत के बाद उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।

पिलखुवा निवासी अलीमुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा साजिद शुक्रवार को अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर गढ़ के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सिंभावली के हरोड़ा रोड पर पहुंचे तो पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसके बेटे की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गोदाम में चोरी का नाकामयाब प्रयास, ताला तोड़कर भागे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किशनगंज स्थित एक गोदाम में चोरों ने रात में ताला तोड़कर घुसने का प्रयास किया, लेकिन सामान चुराने में नाकामयाब रहे। गोदाम मालिक ने सुबह ताला टूटा देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के ुटेज की जाँच की जा रही है।

गोदाम मालिक अमित मित्तल ने बताया कि चोरों के अंदर घुसने पर लाखों रुपये का नुकसान हो सकता था। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से रात में गोदामों की सुरक्षा बढ़ाने की सलाह दी है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर से पिकअप की टक्कर, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खेडा गांव के पास शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पिकअप वैन से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक दिनेश तोमर घायल हो गया और वाहन में फंस गया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बिना नंबर वाले ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और चालक की तलाश जारी है।

### अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल, अग्रवाल महासभा, और शहीद मेला समिति ने इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों, डॉक्टरों और स्टाफ की आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। साथ ही, हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई।

यह श्रद्धांजलि सभा शनिवार को शहर के प्रमुख संगठनों द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें ललित अग्रवाल छावनी वाले, व्यापारी नेता संजय अग्रवाल, सोनू बंसल, सुनील, वीरेंद्र गर्ग बिट्टू, संजय डाबर, दीपक बंसल, मुकुल त्यागी एडवोकेट, अमित अग्रवाल, हरेंद्र चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति और व्यापारी उपस्थित थे।

# अवैध वसूली करने वाले दो फर्जी पत्रकार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने जनता को धमकाकर और ब्लैकमेल कर अवैध वसूली करने वाले दो फर्जी पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके पास से प्रेस कार्ड, विभिन्न न्यूज़ चौनलों के माइक, विज़िटिंग कार्ड, पैन कार्ड और एक तमंचा बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि थाना गढ़मक्तद्रेश्वर में दर्ज एक एफआईआर के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शामली निवासी अंकित और बाबूगढ़ के गांव अटूटा निवासी गुल्काम सैफी को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी खुद को पत्रकार बताकर आम लोगों को डराते-धमकाते थे और उनसे अवैध वसूली करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत और हापुड़ जिलों में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट से संबंधित करीब डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

# दुष्कर्म के मामले में ग्राम प्रधान सहित तीन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में ग्राम प्रधान अतुल सिसोदिया सहित अन्य दो आरोपी सुमित, ललित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई शनिवार को हुए भारी जनआक्रोश के बाद की गई। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों और ग्रामीणों ने कोतवाली के सामने जोरदार हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने न्याय की मांग करते हुए पुलिस पर आरोप लगाया कि वह प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर गिरफ्तारी में देरी कर रही है।

आरोपी पिछले चार दिनों से पुलिस हिरासत में थे, लेकिन औपचारिक गिरफ्तारी आज ही की गई। मौके पर पहुंची पुलिस क्षेत्र अधिकारी अनीता चौहान ने ग्रामीणों को जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देते हुए मामला शांत कराया था। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तेजी से जांच की जाएगी। गौरतलब है कि 21 में को क्षेत्र के गांव की किशोरी लापता हो गई थी। बाद में मिलने पर ग्राम प्रधान पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों पर दुष्कर्म के मामले में पोक्सो एक्ट सहित मुक. दमा दर्ज किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीस कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## लूट के मामले के आरोपी के घर की होगी कुर्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के गांव जनुपुरा निवासी सोनू के घखिलाफ धारा 364 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद से पुलिस निरंतर आरोपी को तलाश कर रही है, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ सका और न ही न्यायालय में पेश हो सका है। उन्होंने बताया कि आरोपी के घर की कुर्की करने के लिए पुलिस ने न्यायालय से धारा 82 की कार्रवाई कराई गई है। इसको लेकर नोटिस चस्पा किया गया है, शीघ्र ही आरोपी के घर की कुर्की करने के लिए धारा 83 की कार्रवाई की जाएगी।

# शिविन कुमार ने यूपीएससी में किया शानदार प्रदर्शन, सीएपीएफ में बने असिस्टेंट कमांडेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक ज्ञान सिंह के बेटे शिविन कुमार सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। शिविन का चयन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हुआ है, जहां उन्होंने AIR 249 रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर पुलिसकर्मी, अधिकारी और स्थानीय लोग बधाई दे रहे हैं।

शिविन कुमार ने यूपीएससी 2025 की परीक्षा में CAPF असिस्टेंट कमांडेंट के लिए AIR 249 रैंक हासिल की है, जो उनके कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। CAPF में असिस्टेंट कमांडेंट का पद न केवल सम्मानजनक है, बल्कि देश की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है। शिविन शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 10 CGP। और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95.2% अंक प्राप्त किए थे। इसके बाद, उन्होंने दिल्ली विश्व. विद्यालय के प्रतिष्ठित



शिविन का फोटो

**शिविन के पिता ज्ञान सिंह, जो गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में उपनिरीक्षक हैं, अपने बेटे की इस सफलता से बेहद खुश हैं**

किरोड़ीमल कॉलेज से बीएससी ऑनर्स रसायन विज्ञान की डिग्री हासिल की। वर्तमान में, वे दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून (LLB) की पढ़ाई कर रहे हैं। शिविन कुमार की मेहनत और लगन ने उन्हें यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में शानदार रैंक दिलाई है। शिविन के पिता ज्ञान सिंह, जो गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में उपनिरीक्षक हैं, अपने बेटे की इस सफलता से बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि शिविन का IAS बनने का सपना भी है और वे उसकी तैयारी में भी जुटे हुए हैं। पुलिस विभाग के कर्मियों, वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने शिविन और उनके परिवार को बधाई दी है। ज्ञान सिंह ने बताया कि शिविन कुमार की मेहनत और अनुशासन ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है और उन्हें अपने बेटे पर पूरा भरोसा है कि वह अपने IAS बनने के सपने को भी साकार करेगा।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी अंजली ने बताया कि उसकी शादी करीब क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद से उसके पति समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी पिटाई शुरू करदी। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार को आरो. पियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दोस्ती, सम्मान व नेतृत्व की मिसाल बने प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस विभाग में जहां अक्सर जिम्मेदारियां बदलती रहती हैं, वहीं कुछ रिश्ते ऐसे भी होते हैं जो इंसानियत और आत्मीयता की मिसाल बन जाते हैं। ऐसा ही एक दृश्य उस समय देखने को मिला जब विजय गुप्ता को थाना हापुड़ देहात का नया प्रभारी नियुक्त किया गया और उनके परम मित्र थाना हाफिजपुर प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर स्वयं थाने पहुंचकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देने पहुंचे।

आशीष पुंडीर ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर विजय गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों अधिकारियों के बीच की मित्रता केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और परस्पर सम्मान पर आधारित है। जो पुलिस विभाग में एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखी जा रही है। इस आत्मीय मिलन के क्षण में मौजूद स्टाफ भी भावुक हो उठा। थाने में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। निरीक्षक आशीष पुंडीर ने कहा कि विजय गुप्ता जैसा कर्मठ, जनता से जुड़ा हुआ और निडर अधिकारी जब किसी क्षेत्र की कमान संभालता है, तो वहां अपराधी अपने आप सतर्क हो जाते हैं और आम जनता राहत की सांस लेती है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने भी अपने इस विशेष स्वागत पर आभार जताते हुए कहा कि पुलिस की वर्दी सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, ये जनता के विश्वास की डोर होती है। मैं इस नए दायित्व को पूरी ईमानदारी और संवे. दनशीलता के साथ निभाऊंगा। मित्र आशीष पुंडीर का इस तरह आकर आशीर्वाद देना मेरे लिए गौरव का क्षण है। गौरतलब है कि विजय गुप्ता इससे पहले थाना बाबूगढ़ में प्रभारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर चुके हैं और अब हापुड़ देहात क्षेत्र को लेकर आम जनमानस में भी उम्मीद की नई किरण जगी है।

## विश्व रक्तदान दिवस टोल कर्मियों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर, क्यूब रूट फाउंडेशन द्वारा छिजरसी टोल प्लाजा पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त एकत्र करना था।



शिविर में छिजरसी टोल प्लाजा के लगभग 40 से अधिक कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिसमें टोल प्लाजा के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। कर्मचारियों ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि जीवन बचाने के लिए रक्तदान कितना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले उच्च अधिकारियों में प्रोजेक्ट हेड अनिल शर्मा (एनएचएआई), आई. ई. राजवर्धन चौहान, प्लाजा मैनेजर रूपेश कुमार सिंह, एसीपीईएल के जीएम अमित शर्मा और टोल प्लाजा मैनेजर अमित कुमार सहित कई अन्य टोल प्लाजा कर्मचारी शामिल थे।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियन

- **डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया, 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता**






**लंदन, वार्ता।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। साउथ अफ्रीका की टीम क्रिकेट के किसी भी फार्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीत लिया है।

टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के द लाड्र्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नाटआउट रहे। मार्करम प्लेयर आफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी। 84वें ओवर की चौथी बाल पर काइल वेरियन ने एक रन लेकर साउथ अफ्रीका को 5 विकेट से जीत दिला दी। टीम पहली बार क्रिकेट के किसी फार्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनी है। साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी टाइटल जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। 84वें ओवर की तीसरी बाल पर काइल वेरियन को जीवनदान मिला। स्टार्क के ओवर की तीसरी बाल वेरियन के बैट का बाहरी किनारा लेकर विकेट कीपर एलेक्स के दस्तानों पर गई। कैच हुआ, लेकिन फील्ड अंपायर्स ने वेरियन को नाटआउट करार दिया। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस रिव्यू नहीं ले सके, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सभी रिव्यू पहले ही गंवा दिए थे। 81वें ओवर की आखिरी बाल पर साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट गंवाया। यहां ऐडन मार्करम 136 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ट्रैविस हेड ने शार्ट मिडविकेट पर कैच किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी नई बाल से जोश हेजलवुड बालिंग करने आए। साउथ अफ्रीकी पारी के 80 ओवर पूरे होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने नई बाल की मांग की। बाल बदलने के बाद उन्होंने जोश हेजलवुड को ओवर सौंपा। 282 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। 75वें ओवर की पहली बाल पर बेडिंघम ने एक रन लेकर टीम स्कोर 250 पार पहुंचाया। 71वें ओवर द. अफ्रीका ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां ट्रिस्टन स्टब्स 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपने ओवर की तीसरी बाल पर बोल्ड कर दिया। पिछली बाल पर स्टब्स विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच होने से बचे थे। यहां ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू भी गंवाया। 69वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट होने से बच गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क के ओवर की आखिरी बाल पर मिड आफ की ओर से खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। पैट कमिंस ने तेजी से आकर बाल नान स्ट्राइक एंड पर थ्रो की। यह थ्रो स्टंप पर नहीं लगा और स्टब्स आउट होने से बच गए। अगर बाल स्टंप पर लगती तो स्टब्स को पवेलियन लौटना पड़ता। अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 59वां ओवर डाल रहे कमिंस ने कैच आउट कराया और शतकीय साझेदारी को तोड़ी। ओवर की आखिरी बाल पर बावुमा को एलेक्स कैरी ने कैच किया।

## चोटिल स्टीव स्मिथ ने नहीं करायी सर्जरी

### विंडीज के खिलाफ सीरीज तक फिट होने में संशय

**लंदन, वार्ता।** लॉड्र्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन शुक्रवार को कैच लेने के दौरान अंगुली में चोट खाने वाले ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने कम्पाउंड डिस्लोकेशन की सर्जरी से बचने में सफलता प्राप्त की है, लेकिन वेस्टइंडीज में ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट सीरीज के लिए फिट होने के लिए उन्हें अभी भी समय की कमी का सामना करना पड़ सकता है। तेम्बा बावुमा का तेज कैच लपकने के प्रयास मे स्मिथ चोट खा बैठे थे। मैदान से बाहर निकलते ही वह सीधे अस्पताल गए जहां घाव को साफ किया गया, टांके लगाए गए और उंगली को स्प्लिंट में रखा गया और यह समझा जाता है कि अगर वह स्प्लिंट के साथ ऐसा करने में सक्षम हैं तो वह बल्लेबाजी करने में सक्षम होंगे, जिसे उन्हें आठ सप्ताह तक पहनने की आवश्यकता होगी, हालांकि घाव के लगभग एक पखवाड़े में ठीक होने की उम्मीद है। मैदान में उन पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन करने की आवश्यकता होगी और यह स्लिप में क्षेत्ररक्षण करने की उनकी क्षमता को बाधित कर सकता है।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित

- **बीसीसीआई और ईसीबी ने अहमदाबाद दुर्घटना के कारण लिया फैसला, पहला टेस्ट 20 जून से**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित कर दिया गया है। अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद यह इस आयोजन को स्थगित करने (या शायद इसे पूरी तरह से रद्द करने) का फैसला लिया गया है। इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। हालांकि नाम बदलने की अधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। ट्रॉफी का अनावरण शनिवार (14 जून) को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान किया जाना था। हालांकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लाड्र्स में होने वाली सेरेमनी को आपसी सहमति से रद्द करने का फैसला किया है। ईसीबी के अधिकारी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, भारत में हुई दुखद घटना को देखते हुए नई तारिख की घोषणा में कुछ समय लग सकता है। बीसीसीआई अभी भी घोषणा के लिए सही समय का इंतजार कर रहा है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इर्ं तखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकार्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

## जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग आज से शुरू

**मुंबई, वार्ता।** दुनिया की पहली फ्रैंचाइज़-आधारित रग्बी लीग जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का पहला संस्करण 15 जून से शुरु होगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग में कुल 34 मैच खेले जायेंगे, जिसमें चार दिन तीन गेम खेले जाएंगे, जबकि प्रत्येक दिन दो गेम होंगे। प्रतियोगिता का फिनाले 29 जून को निर्धारित है। सभी मैच मुंबई के शाहजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में होंगे। लीग में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स, चेन्नई बुल्स, दिल्ली रेड्ज़, हैदराबाद हीरोज, कलिगा ब्लैक टाइगर्स और मुंबई ड्रीमर्स फ्रेंचाइजी की टीमे हिस्सा लेंगी। लीग में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, अर्जेंटीना, ग्रेट ब्रिटेन, आयरलैंड, यूएसए और स्पेन के 30 मार्की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे इसके अलावा, कनाडा, हांगकांग और जर्मनी के 18 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे। लीग में 71 की नीलामी पूल से चुने गए 30 भारतीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। लीग में खेल के सर्वश्रेष्ठ कोच भी शामिल होंगे, जिनमें माइक फ्राइडे (पूर्व यूएसए 7 हेड कोच), बेन गॉलिंग्स (इंग्लैंड 7 लीजेंड, पूर्व फिजी 7 हेड कोच), डीजे फोर्ब्स (न्यूजीलैंड 7 आइकॉन), टॉमासी कामा (न्यूजीलैंड 7 हेड कोच, न्यूजीलैंड 7 लीजेंड), पाको (स्पेन 7 हेड कोच) और टिम (ऑस्ट्रेलिया महिला 7 हेड कोच) शामिल हैं। इस अवसर पर रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण होने जा रहा है।

## 10मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने विश्व कप में जीता गोल्ड मेडल




- **ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट को हराया भारत की झोली में आया टूर्नामेंट में पहला गोल्ड**

**म्यूनिख, वार्ता।** विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल की नेशनल चैंपियन सुरुचि ने म्यूनिख में आईएसएसएफ (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने फाइनल में 241.9 अंक हासिल किए और पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट कैमिल जेद्रजेवस्की को 0.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया। कैमिल जेद्रजेवस्की को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं, चीन की याओ चियानशुआन ने ब्रान्ज मेडल जीता। सुरुचि का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड सुरुचि का लगातार तीसरे वर्ल्ड कप स्टेज में गोल्ड मेडल है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स और लीमा में हुए वर्ल्ड कप में भी उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। ब्यूनस आयर्स उनका पहला इंटरनेशनल वर्ल्ड कप था। हरियाणा की रहने वाली सुरुचि ने पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर चैंपियन बनी थी। सुरुचि पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में चैंपियन बनी थी। सुरुचि शुरुआती सीरीज में टाप पर रही सुरुचि ने फाइनल में शुरुआती सीरीज में 52.1 अंक लेकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरी पांच- शाट सीरीज के अंत तक वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। 11वीं शाट में 9.7 के स्कोर के बाद वह चौथे स्थान पर आ गईं। उसके बाद उन्होंने वापसी की। यहीं से उनके प्रदर्शन में तेजी आई। 12वीं शाट में शानदार 10.8 स्कोर कर उन्होंने फिर से बढ़त हासिल की। वहीं, 18वीं शाट में कैमिल और याओ ने बढ़त बना ली। इसके बाद याओ ने अपनी 22वीं शाट में 9.4 स्कोर किया, जिससे सुरुचि कैमिल के पीछे दूसरे स्थान पर आ गईं। अंतिम दो शाट में वह कैमिल से 0.5 अंक पीछे थीं। 23वीं शाट में सुरुचि ने 10.5 जबकि कैमिल ने 9.5 स्कोर किया, जिससे भारतीय शूटर 0.5 अंक से आगे निकल गईं। आखिरी शाट में दोनों ने 9 स्कोर किया, लेकिन सुरुचि ने बढ़त बनाए रखी और गोल्ड मेडल जीत लिया।

## बदले गए बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियम

- **गेंद को एक बार ही हवा में उछाल सकेंगे, अक्टूबर 2026 में एमसीसी में शामिल किए जाएंगे**



**लंदन, वार्ता।** मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव किए हैं। ये बाउंड्री से बाहर जाकर बाल उछालने पर लिए जाने वाले कैच से संबंधित हैं। यह बदलाव एमसीसी अक्टूबर 2026 से शामिल करेगा, जबकि आईसीसी अगले महीने से इस नियम को शामिल कर लेगा। 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट से यह नियम लागू हो जाएगा।

बाउंड्री के बाहर जाकर बाल उछाली तो 2 कंडीशन रहेंगी-पहली- पहले कई मौकों पर बाउंड्री पर खड़े खिलाड़ी हवा में जा रही गेंद को एक बार बाउंड्री के अंदर रहते हुए उछाल देते थे, फिर बाउंड्री पार करके हवा में उछाल देते थे और बाउंड्री के अंदर आकर कैच ले लेते थे। अब इसे कैच नहीं माना जाएगा और बल्लेबाज को रन मिलेगा। दूसरी- किसी खिलाड़ी ने बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलकर बाल अंदर फेंकी, फिर दूसरे खिलाड़ी ने कैच किया तो यह तभी मान्य होगा जब बाल उछालने वाला खिलाड़ी भी बाउंड्री के अंदर हो। बिग बैश लीग में माइकल नेसेर के बाउंड्री कैच पर उठा था सवाल 2023 में बिग बैश लीग (बीबीएल) में माइकल नेसेर ने बाउंड्री पर एक कैच पकड़ा था, जिस पर सवाल उठे थे। इसके बाद ही आईसीसी ने मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) को कैच के नियमों की समीक्षा करने के लिए कहा था। नेसेर के कैच के बारे में बताते हुए एमसीसी ने कहा कि फील्डर ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा करने से पहले ष्बनी हापष किया। बनी हाप मतलब जब कोई खिलाड़ी बाउंड्री के बाहर जाने के बाद हवा में उछलकर गेंद को अंदर फेंककर कैच पकड़ता है। हालांकि यह नियम के मुताबिक था, लेकिन नोट में कहा गया कि ऐसा लगा कि हकीकत में फील्डर ने बाउंड्री के काफी बाहर जाकर गेंद को उछाला और फिर कैच लिया था। माइकल नेसेर ने बीबीएल 2023 के दौरान एक शानदार बाउंड्री कैच लिया, लेकिन अब ऐसे प्रयास कैच नहीं माने जाएंगे। 2020 में भी बीबीएल में मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट को लेकर उठा था सवाल साल 2020 में बीबीएल में हाबर्ट हरिकेंस और ब्रिसबेन हीट के बीच खेले गए मैच के दौरान भी मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट होने को लेकर सवाल उठे थे। दरअसल पहली पारी में हाबर्ट हरिकेंस के कप्तान वेड ने 15वें ओवर की चौथी गेंद पर बाउंड्री पर शाट खेल दिया। बाउंड्री पर खड़े ब्रिसबेन हीट के मैट रैनशा ने हवा में उड़कर गेंद को अंदर की ओर फेंक दिया।

## अवनि प्रशांत हुलेनकोर्ट महिला ओपन में दूसरे स्थान पर

**हुलेनकोर्ट, वार्ता।** भारत की अवनि प्रशांत ने यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की बदौलत तीन अंडर 69 का कार्ड खेल कर दूसरे स्थान पर कब्जा बनाये रखा है। दूसरे दौर में अवनि का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। अवनि के अलावा कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर (76-73), स्नेहा सिंह (74-75), अमनदीप द्राल (74-76) और हिताशी बक्शी (79-74) कट में जगह बनाने से चूक गयी हैं।

## नेपाल-वेस्टइंडीज के बीच ऐतिहासिक टी-20 सीरीज सितम्बर में

**एंटीगुआ, वार्ता।** नेपाल और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार सितम्बर के अंत में शारजाह में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए आमने-सामने होंगी। यह सीरीज वेस्टइंडीज को 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खुद को तैयार होने का मौका देगी। ये मैच रोहित पौडेल की टीम के लिए एशिया/ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर अभियान से पहले अंतिम तैयारी होगी।

## भारत को मिलेगा अभ्यास करने का फायदा: कृष्णा



- **इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हूं**

**बेकेनहैम, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गयी भारतीय टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु हो रही टेस्ट श्रृखंला से पहले उनकी टीम को अभ्यास मैचों में खेलने का फायदा मिलेगा।

बीसीसीआई टीवी से बात. चीत में कृष्णा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ अभ्यास मैच खेलने का फायदा निसंदेह टीम को मिलेगा। हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है।

यह एक बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने यहां अच्छी गेंदबाजी की है जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया है। जब आप अपने आपस में ही मैच खेलते हैं तो बहुत अच्छा लगता है। आईपीएल में अपनी शानदार गेंदबाजी के कारण सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल करने वाले तेज गें. दबाज ने उम्मीद जाहिर की कि इंग्लैंड में मौका मिलने पर वह अपनी फार्म को बरकरार रखना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मैने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है।

अब इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। कृष्णा ने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना है कि विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद की जाये। आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए इंग्लैंड महिला टीम घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय महिला टीम घोषित कर दी है। टीम में स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। आईसीसी महिला वनडे और टी-20 गेंदबाज रैंकिग में क्रमश: नंबर 1 और नंबर 4 पर रहीं एक्लेस्टोन ने क्रिकेट से अस्थायी ब्रेक के बाद वापसी की है। वेस्टइंडीज पर टी-20 और वनडे सीरीज में 3-0 की शानदार जीत के बाद इंग्लैंड की टीम पहले से ही आत्मविश्वास से भरी हुई है। इस सीरीज से चार्लोट एडवड्र्स के मुख्य कोच और नेट साइवर-ब्रंट की कप्तानी की सफल शुरुआत हुई है। पिछले महीने वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर की भी टीम में वापसी हुई है। आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिग में तेजी से आगे बढ़ रही एमी जोन्स को भी टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड टीम : एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), पैगे स्कोल्फील्ड, लिसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग। एडवड्र्स ने भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के बारे में अपनी उत्सुकता जाहिर की।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अतिक्रमण हटाने को लेकर उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा प्रयासरत हैं। चन्दौसी में लगभग 200 बिंदुओं से अतिक्रमण हटा चुके हैं। उनके अतिक्रमण हटाने का प्रभाव अब नगरवासियों को दिखाई देने लगा है। हालांकि कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाने को लेकर विरोध भी हो रहा है लेकिन उपजिलाधिकारी तर्क के आधार पर व्यक्ति को समझाकर शांत कर देते हैं और चन्दौसी नगरी अपने मूलस्वरुप में आने लगी है। दो दिन पूर्व बहजोई में वृहद पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था जिसमें मंडी समिति के अंदर दुकानें तोड़ी गई थीं। वहीं शनिवार को जिलाधिकारी को डा. राजेन्द्र पैंसिया, एसपी संभल के.के. बिश्नोई, उपजिलाधिकारी चन्दौसी विनय मिश्रा, अधिशासी अधिकारी शक्तिनगर पहुंचे जहां निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। वहीं जिलाधिकारी नाले की स्थिति देखकर नाराजगी जताई। यहां बताते चलें कि शक्तिनगर में लायन्स स्कूल तक नाले का निर्माण हो चुका है।

हालांकि उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा पहले ही निशान लगा दिये गये लेकिन बाद में कुछ बदलाव हुआ, उन निशानों पर कार्यवाही नहीं हुई और नाले को मोड़ दिया गया जिससे न्यायालय के पास आते ही सड़क फिर संकरी हो गयी है। हालांकि न्यायालय की दीवार का कुछ हिस्सा अतिक्रमण की जद में आ रहा है। जिलाधिकारी द्वारा जनपद न्यायाधीश से वार्ता की गई और मौके पर आकर भ्रमण भी किया। संभवत: तीस मिनट अधिकारियों के साथ जनपद न्यायाधीश की वार्ता हुई। यहां से जिलाधिकारी व एसपी फुब्बारा चौक, मालगोदाम रोड से होते हुए 35बी रेलवे फाटक पर पहुंचे जहां उन्होंने उपजिलाधिकारी ने



जिलाधिकारी को चौड़ी सड़क दिखाई। जिलाधिकारी ने चौड़ी सड़क देखकर उपजिलाधिकारी को शाबाशी दी। साथ ही कहा कि सड़क निर्माण के बाद डबल बैरियर लगेंगे। सड़क का चौड़ा होना अत्यंत आवश्यक है, इससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी से कहा कि पावर हाउस में अतिक्रमण को हटाएं। यहां से जिलाधिकारी बदायूं चुंगी पहुंचे जहां उन्होंने अतिक्रमण की स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हर हालत में हटाया जायेगा। जिलाधिकारी ने बदायूं चुंगी स्थित रेस्टोरेंट का अतिक्रमण हटाने को कहा। उपजिलाधिकारी ने रेस्टोरेंट स्वामी से नक्शा मंगाया और अतिक्रमण न हटाने का कारण पूंछा गया। रेस्टोरेंट स्वामी का कहना था कि मध्य सड़क से नपत की गई है। उपजिलाधिकारी ने तुरंत सफाई निरीक्षक व पुलिस बल को बुलाकर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। मौके पर मौजूद विनियमित क्षेत्र के जेई घसीटाराम को बुलाकर नक्शा मांगा। हालांकि बाद में रेस्टोरेंट स्वामी की पत्नी से नक्शा लाकर दे दिया लेकिन नक्शा के अनुरुप निर्माण न होने पर एसडीएम भड़क गये। उन्होंने कहा कि निर्माण नक्शे के अनुरुप नहीं है। उपजिलाधिकारी ने तुरंत बुल्डोजर मंगवाकर अतिक्रमण हटवाना शुरु किया। उन्होंने हल्का लेखपाल अतुल पाठक को भी नसीहत दी कि जहां पहले निशान लगा था, वहीं से अतिक्रमण हटाना शुरु करें। मौके पर भाजपा नेता धीरेन्द यादव व पूर्व नगराध्यक्ष गिरीश रतन भी पहुंच गये जिन्होंने अतिक्रमण हटाने को समय मांगा लेकिन उपजिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

# भाजपा नगर मंडल ने की गोष्ठी

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी चन्दौसी के तत्वाधान में सुभाषरोड स्थित नगर कैम्प कार्यालय में मोदी सरकार के 11 साल होने पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भीष्म शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन 11 सालों नरेंद्र मोदी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश के नागरिको को अनेक कल्याणकारी योजनाएं दी है, जैसे उज्जवला गैस कनेक्शन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, जन-धन योजना जिनके माध्यम से सबसे नीचे पायदान पर जीवनयापन कर रहे लोगों को भी पूर्ण लाभ मिला है। मुख्य वक्ता लोकसभा के पूर्व संयोजक पंकज गुप्ता ने कहा 'स्वच्छ भारत अभियान' सिर्फ शौचालय बनाने तक सीमित नहीं है।



इस दौरान पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, मनोज कठैरिया, सुधीर मल्होत्रा, डॉ टी.एस. पाल, विनोद विन्नी, अरविंद एमडीएच, गिरीश रतन, कुमुद अग्रवाल, अभिनव शर्मा, राजेन्द्र सिंह, शिवकुमार सैनी, अमन कोरी, आमोद कुमार, नवकान्त देव शर्मा, मोक्षिका शर्मा, देवेंद्र गुप्ता मोनू, रोहित दिवाकर, आकाश आहूजा, राजेश पाल, आशा गोस्वामी, राजश्री अग्रवाल, महावीर चौधरी, ज्ञानप्रकाश शर्मा, शरद शर्मा, कृष्णा शर्मा, शीनू गुप्ता, शीला सागर, इंदु अग्रवाल, कृष्णा शर्मा, प्रीति शर्मा, रेखा सैनी, उमेश दिवाकर, मुकेश जाटव, विक्की रतन, आकाश शर्मा, पप्पू इंकलाब, राहुल वाल्मीकि, विक्की रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# पब्लिक इंटर कॉलेज के बच्चों का जिले पर सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** पट्टी मौढ़ा स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट छात्र गुरूप्रीत सिंह और छात्रा शहला कमर, हाईस्कूल के छात्र पुनीत कुमार व छात्रा दीप शिखा चौहान, प्रिंस सैनी, अर्षिता राज निगम, अफीफा रहमान, शहवाज अली ने जिले की टॉपटेन सूची में अपना नाम दर्ज कराया था। इन सभी छात्र-छात्राओं को पंचायत भवन मुरादाबाद में हुए सम्मान समारोह में एमएलसी सतपाल सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह, डीआईओएएस देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने एक-एक टेवलेट और 21-21हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। इसी विद्यालय के



इंटरमीडिएट के आठ और हाईस्कूल के 11 अन्य मेधावियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दानवीर सिंह और संस्थापक डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने मेधावियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि सरकार के नकल विहीन परीक्षा के संकल्प को पूरा करने में पब्लिक इंटर कॉलेज ने पूरा सहयोग दिया है और वह आगे भी नकल विहीन परीक्षा कराकर छात्र छात्राओं का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

# बाल श्रम रोकने के लिए योजना जारी बच्चे दुकानों पर मांज रहे बर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** क्षेत्र में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया स तहसील क्षेत्र में आज भी सैकड़ो बच्चे दुकानों पर मजदूरी करते हुए देखे जा सकते हैंस बाल श्रम को रोकने के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं चला रखी है लेकिन यहां किसी का पालन नहीं हो रहा है स बाल श्रम निषेध दिवस का महत्व बाल की समस्या पर ध्यान देना और इसे समाप्त करने के तरीके खोजना है।

इस दिन का उपयोग पूरे विश्व में श्रम मजबूर बच्चों द्वारा सामना की जाने वाली हानिकारक मानसिक और शारी. रिक समस्याओं के व जागरूकता फैलाने के लिए किया जाता हैसविश्व बाल श्रम निषेध दिवस का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि बच्चों का सही स्थान स्कूल है, मजदूरी नहीं. यह दिन हमें याद दिलाता है कि बच्चों को एक सुरक्षित, स्वस्थ और शिक्षित जीवन देना हमारी जिम्मेदारी हैस जिन बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए वह बच्चे होटल पर बर्तन मांज रहे हैं।

## नगर में अलीना हसीन मुहम्मद जैद और आरिश पाशा ने की नीट परीक्षा पास

**कुन्दरकी।** नीट परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। कुन्दरकी नगर के रहने वाले अलीना हसीन, मुहम्मद जैद और आरिश पाशा ने यह परीक्षा पास कर ली है। अलीना हसीन ने 537 मुहम्मद जैद ने 536 अंक प्जबकि मोहम्मद आरिश पाशा ने 530 अंक प्राप्त किये। तीनों बच्चों द्वारा नीट परीक्षा पास करने से नगर में खुशी की लहर है। लोगों ने उनके घर पहुंच कर उन्हें मुबारकबाद पेश की है। अलीना हसीन नगर के प्रसिद्ध ताजमहल बिल्डिंग वालों के परिवार से ताल्लुख रखती है। मुहम्मद जैद साधारण परिवार से आते हैं। जबकि आरिश पाशा एक राजनीतिक परिवार से अपना ताल्लुक रखते हैं। आरिश के दादा मुशाहिद हुसैन कडडे हुसैन सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी पहचान रखते हैं। तीनों बच्चों द्वारा परीक्षा पास किए जाने के बाद उन्हें दिन भर सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## एक नजर

### पावरहाउस से स्थायी अतिक्रमण हटाने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश



**चन्दौसी।** जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया चन्दौसी को अतिक्रमण मुक्त चाहते हैं जिससे चन्दौसी की सड़कें चौड़ी दिखाई देने लगें क्योंकि यहां के लोगों द्वारा सड़कों पर जमकर अतिक्रमण कर रखा है। हालांकि लोग यह भी जानते हैं कि सड़कें चौड़ी होने से उन्हें ही लाभ मिलेगा। बता दें कि 06 माह पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा पावर हाउस से अतिक्रमण हटाया गया था जहां लोगों ने सड़क पर दुकानें लगा रखी थीं। इसके साथ ही शहर के कई स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया जबकि कई स्थानों पर हटना अब भी शेष है। शनिवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई द्वारा पावर हाउस रोड का निरीक्षण कर रास्ते में बनी अवैध दुकानों को हटाने के निर्देश दिये। वहीं शनिवार को बदायूं चुंगी स्थित रेस्टोरेंट से भी अतिक्रमण हटाया गया।

### विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि




**चन्दौसी।** अहमदाबाद हादसे में मारे गए लोगों को राघव सर्वधर्म सामाजिक संगठन के द्वारा शहीद भगतसिंह पार्क में शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर 02 मिनट का मौन धारण किया गया। संगठन अध्यक्ष नरेश राघव ने कहा कि अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में सैकड़ो यात्रियों और मेडिकल कॉलेज के दर्जनों डॉक्टर हताहत होने से समस्त भारत में शोक है। इस दु:ख के समय दिनेश पाल सिंह दिलकश ने अपनी पंक्ति के माध्यम से कहा 'दर्दनाक था हादसा, मौत बड़ा विकराल। एयर इंडिया का पतन, हालात थे बदहाल। विमान थी विमान में बैठे सभी चेहरों पर मुस्कान। गजब काल के कहर ने, ले ली सभी की जान।' इस अवसर पर राघव सर्वधर्म सामाजिक संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव, उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेशपाल सिंह तोमर दिलकश, नीलेन्द्र सिंह, विवेक त्रिपाठी, रमेश यादव, महेश दिवाकर, सतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### चार भाईयों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला गुलाब बाड़ी निवासी सुहेल पुत्र अजीम की तहरीर पर पड़ोसी शहनाज,अंशू,बिलाल और रिहान पुत्र नजाकत के खिलाफ लाठी डंडों से पीटकर घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस ने दूसरे पक्ष का भी सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

### विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**चन्दौसी।** नगर में विदेश भेजने के नाम पर लोगों से जमकर ठगी की जा रही है। लोगों को बताया जाता है कि विदेश में उन्हें अच्छी नौकरी व वेतन मिलेगा जिससे लोग बहकावे में आ जाते हैं और मोटी रकम दे बैठते हैं परंतु वास्तविकता कुछ और ही है। यहां से आनन-फानन में लोगों से रकम वसूलकर विदेश भेज दिया जाता है परंतु वहां पहुंचने पर जीवन बेहाल हो जाता है। न तो अच्छी नौकरी मिलती है और न ही सम्मान। चन्दौसी के राज मौहल्ला नि0 अकील खान पुत्र बुद्धन खां द्वारा पुलिस अधीक्षक संभल को शिकायती पत्र देकर कहा गया है कि राशिद खान पुत्र आविद अली नि0 मौहल्ला राज चन्दौसी द्वारा उसके बेटे को सऊदी अरब के रियाद में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख अस्सी हजार रु0 ठग लिये गये परंतु सऊदी नहीं भेजा गया।

### क्षमता वृद्धि के लिए ट्रांसफार्मर बदले जाने पर बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बिलारी।** 33 केवीए बिजली घर सफीलपुर में 16 जून को बिजलीघर की क्षमता वृद्धि के लिए 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य सवेरे 9 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया कि वह समय से अपना कार्य निपटा ले ताकि जल आदि की समस्या ना रहे। यह जानकारी उपखंड अधिकारी रुस्तमनगर सहसपुर ने दी।

# समाधान दिवस में सुनी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं



**कांठ।** शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना छजलेट और कांठ में किया गया छजलैट में एसडीएम संत दास पवार और कांठ में तहस. ीलदार अंजली सिंह ने लोगों की शिकायतो को सुना।इस दौरान लोगों ने डोलमेंड़ एवं राजस्व से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा जिनमें कुछ का मौके पर और बाकी का एक सप्ताह में निस्तारण करने का अधिकारियों ने भरोसा दिलाया इस मौके पर तहसीलदार अंजली सिंह इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव एवं राजस्व विभाग और हल्को के उप निरीक्षक मौजूद रहे।

# जिम का पंजीकरण न होने पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** क्षेत्र में अनेक जिम बिना पंजीकरण के चल रहे हैं खेल विभाग से बिना पंजीकरण के जिम संचालित करने वालों पर कार्रवाई होगी। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से ऐसे जिम संचालकों की सूची तैयार की जा रही है, जिनका मानकों के विरुद्ध संचालन हो रहा है।नगर एवं तहसील क्षेत्र में काफी संख्या में जिम संचालित हैं। अनेक जिम सेंटरों में मानकों के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। किसी के पास विशेषज्ञ नहीं हैं तो कुछ बिना पंजीकरण के ही जिम चला रहे हैं। गली-मोहल्लों में जिम की संख्या लगातार बढ़ रही है। सेहत बनवाने के नाम पर प्रति घंटे हजारों रुपये वसूले जा रहे हैं। प्रोटीन के नाम पर सेहत से खिलवाड़ जिम में बॉडी बनाने के लिए आने वाले युवाओं को प्रोटीन के नाम पर प्रति. बंधित फूड सप्लीमेंट दिए जा रहे हैं। इससे उनके शरीर पर भी बुरा असर पड़ रहा है। अन्य स्थानों पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि सत्यापन के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सूची तैयार होते ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जगह जगह योग शिविरों का आयोजन

**कांठ।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के उपलक्ष में योग सप्ताह को लेकर मोक्ष आयतन योग संस्थान एवं इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चौप्टर व आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मुरादाबाद में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए गए इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चौप्टर के सचिव अमित गर्ग एवं पश्चिमी जोन सचिव महेंद्र सिंह विश्नोई के नेतृत्व में दयानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय योग शि. विर प्रारंभ हुआ। इसमें मोक्ष आयतन योग संस्थान की योगाचार्य मनीषा गर्ग ने छात्राओं को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया एवं मुख्य रूप से ताड़ासन वृक्षासन अर्ध चक्रासन भद्रासन वज्रासन त्रिकोणासन वक्रासन शीतली प्राणायाम, कपालभाती, नाड़ीशोधन, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया।

योगाचार्य मनीषा गर्ग ने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि मानसिक शांति और आत्म अनुशासन को भी बढ़ता है जो एक स्वस्थ समाज के लिए निर्माण में महत्वपूर्ण है।

# भारतीय जनता पार्टी के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का कांठ में आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भारतीय जनता पार्टी के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर किया गया जिसमें 11 वर्ष की उपलब्धियां पर विस्तार से चर्चा की गई मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चौधरी राजेश कुमार सिंह चुन्नू ने कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 11 वर्षों की केंद्र सरकार ने देश का चौमुखी विकास किया है।

विश्व के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की सुरक्षा संस्कृति शिक्षा स्वास्थ्य यातायात एवं अर्थव्यवस्था और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार हुआ है उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में सरकार चौमुखा विकास कर रही है सरकार का दृष्टिकोण पूरी तरह अंत्योदय पर कार्य करने से लेकर संसार को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान कार्यक्रम संयोजक सत्यवान सिंह राजपूत कुंबर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई मुकेश माहेश्वरी चौधरी विक्रांत सिंह चंचल पाल जीतू वर्मा धर्मेंद्र सिंह सचिन कुमार बंटी गौरव बिश्नोई अमित शर्मा मनीष चौहान राजपाल सिंह प्रजापति प्रमोद कुमार बलवंत सिंह सर्वेश पाल सुनील चौहान चौधरी पुष्पेंद्र सिंह निमेंश कश्यप नेपाल सिंह आदि मौजूद रहे। दूसरी और भिकनपुर के किसान इंटर कॉलेज में भी इसी तरह के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह व भानु प्रताप सिंह रहे उन्होंने भी वहां केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी कार्यक्रम में आंचल चौधरी हुकम सिंह



अनिल कुमार सुमित दिवाकर गौरव चौधरी अशोक कुमार सुशील चौधरी अखिलेश बिश्नोई संजीव चौधरी विश. ेश्वर प्रसाद शर्मा सोमवीर सिंह बंटी ढाका सुमन लता आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 622 करोड़ के टर्नओवर वाली 67 फर्जी फर्मों का किया भंडाफोड़

**मुरादाबाद।** जीएसटी विभाग ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए 67 फर्जी फर्मों का भांडा फोड़ किया है। जिनके जरिए कुल 622 करोड़ रुपए का कारोबार दिखाया गया था। विभाग ने दावा किया के जांच में सामने आया है कि इन फार्मो के नाम मिठाई और कपड़े की दुकानों के थे। लेकिन असल में इनका संचालन लकड़ी व्यापारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे किया जा रहा था। जांच में पता चला कि इन फर्मों के जरिए करीब 65 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की गई थी। विभाग ने इस घोटाले को बेहद गंभीर मानते हुए 25 फर्जी फर्मों का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। लकड़ी कारोबार से जुड़े लोगों ने मिठाई और वस्त्र व्यापार की आड़ लेकर अलग-अलग नाम से जीएसटी पंजीकरण करवा रखा था।

# सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ संकल्प सभा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर/ भोजपुर।** के शांति देवी इंटर कॉलेज में विक. सित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ विशेष गुप्ता रहे। उन्होंने सभा में केंद्र सरकार की 11 वर्ष चलाई गई लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महानगर के उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों को बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भोजपुर वीरपाल सिंह की और संचालन जयप्रकाश सिंह ने किया। इस दौरान अर्पित पाल कार्यकम संयोजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमनेश ठाकुर, चेयरमैन प्रतिनिधि अर्शमान, मंडल मंत्री अमरजीत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष समरपाल सिंह, सुरेश सिंह, कपिल देव शर्मा, लेखराज सैनी, राधेश्याम, शुभम सैनी, मुनीराम कश्यप, नितिन शर्मा, सभासद इस्तेकार, डॉ आलम, नाजिर पधान, यासीन मलिक, तौकीर, ताहिर, शानू कुरैशी, तहसीन कादरी, दीपक चौधरी, विजयपाल सिंह, बालसुंदरी, सोनू सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं भगतपुर के शक्तिकेन्द्र कचनाल में स्थित पैराडाइज मॉडर्न पब्लिक स्कूल



चक कचनाल में विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ श्रीमान भजनलाल पाल रहे तथा सभा की अध्यक्षता भगतपुर मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने की । मुख्य अतिथि भजनलाल पाल ने मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर गहनता से प्रकाश डाला। सभा का संचालन मण्डल महामंत्री प्रदीप सिंह मीणा ने किया । इस अवसर पर मण्डल महामंत्री बंटी पाल, जिला मंत्री युवा मोर्चा अरुन चौधरी, मण्डल उपाध्यक्ष चौधरी विलेन्द्र सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दीपक गोस्वामी , विशाल तंवर, मण्डल उपाध्यक्ष विपिन कुमार मीना, शक्तिकेन्द्र के संयोजक अंकुर सिंह, विवेक कुमार, निर्मल सिंह, कुलदीप ठाकुर मण्डल मंत्री रोशन सिंह, ग्राम प्रधान उदवाला राजीव चौधरी, कुलदीप शर्मा, बूथ अध्यक्ष राजेश कुमार, सुनील कुमार, अतरपाल सिंह, प्रमोद कुमार मीणा एवं अनेको कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते अभिभावक।

# ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर

## खामेनेई ने सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा

**तेहरान।** इजरायली हमलों में अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद ईरान ने नए अफसरों की तैनाती कर दी है। ईरान के कमांडर इन चीफ अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान की सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा है।



- मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ बनाया
- मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं

खामेनेई ने मेजर जनरल अमीर हातमी को ईरानी सेना का मुख्य कमांडर बनाया है। जबकि मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ आफ स्टाफ बनाया है। मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं। अपने आदेश में अयातुल्ला अली खामेनेई ने हातमी के समर्पण, क्षमता और अनुभव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सेना में परिवर्तनकारी और क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। इसके अलावा खामेनेई ने इजरायली हमले में पूर्व चीफ आफ स्टाफ आफ द आर्म्ड फोर्सेज (सीएसएएफ) जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को चीफ आफ स्टाफ बनाया है। आदेश में खामेनेई ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी की सराहनीय सेवा और अनुभव के मद्देनजर उनको सशस्त्र बलों के चीफ आफ स्टाफ के रूप में नियुक्त किया जाता है। इजरायली हमलों में लेफ्टिनेंट जनरल होसैन सलामी की मौत के बाद मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर को आईआरजीसी का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया। खामेनेई ने कहा कि मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर की सराहनीय सेवाओं और बहुमूल्य अनुभव को देखते हुए उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया जाता है। अयातुल्ला अली खामेनेई ने लेफ्टिनेंट जनरल घोलामाली रशीद की मौत के बाद मेजर जनरल अली शादमानी को खतम अल-अनबिया (पीबीयूएच) सेंट्रल मुख्यालय का कमांडर नियुक्त किया गया है। इजरायल के हमलों में ईरान के शीर्ष सैन्य अफसरों की मौत हुई है। इसमें आईआरजीसी के कमांडर मेजर जनरल होसैन सलामी, ईरान के सशस्त्र बलों के पूर्व चीफ आफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। इसके अलावा आईआरजीसी की वायु सेना के प्रमुख आमिर अली हाजीजादेह की भी मौत हो गई। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए।

# तेहरान ने दिया वॉशिंगटन को अल्टीमेटम

## इजरायल पर हमला जारी रहेंगे, पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा ईरान

**तेहरान/संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की सेना ने कहा है कि वह इजरायल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजरायल की ओर से किए गए मिसाइल हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'फ़ार्स न्यूज़' ने शनिवार को एक अज्ञातु ोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया।

सूत्र ने एजेंसी को बताया कि यह युद्ध इज़रायली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था। अब यह इजरायल द्वारा कब्जा किए गए सभी क्षेत्रों और उस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों तक फैल जाएगा। हमलावरों को ईरान से निर्णायक और बड़े पैमाने पर जवाब मिलेगा। फ़ार्स न्यूज़ के अनुसार सेना के आत्मघाती अरेश ड्रोन कथित तौर पर 'कब्जे वाले क्षेत्रों' में इज़रायल में लक्षित लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक हमला करने में सक्षम हैं। आईआरजीसी ने कहा कि प्रतिक्रिया (जिसका कोड नाम ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस आईआईआई था) में एयरोस्पेस डिवीजन ने सिलसिलेवाल मिसाइलें दागीं और रणनीतिक इज़राईली लक्ष्यों के खिलाफ सशस्त्र ड्रोन तैनात किए। बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन में 'सटीक और स्मार्ट हथियार प्रणालियों के संयोजन' का इस्तेमाल किया गया, विशेष रूप से इज़राइली सैन्य केंद्रों और एयरबेसों को लक्षित किया गया, जहां से शासन ने अपने आपराधिक आक्रमण की शुरुआत की थी। एजेंसी ने कहा कि ईरान इज़रायल पर हमला करना जारी रखेगा और पहले उठाए गए कदमों तक खुद को सीमित नहीं रखेगा। वहीं ईरान ने इजरायल पर अपने क्षेत्र में हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि इस समय उससे किसी भी तरह की बातचीत करना 'अर्थहीन' है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने 'तस्नीम समाचार' एजेंसी से बातचीत में अमेरिका पर इजरायल के हमले का समर्थन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था।



- इजरायल से बातचीत करना अब अर्थहीन है, अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था हमला
- आईएईए के महानिदेशक ग्रॉसी ने ईरान पर इजरायली हमलों के बाद संयम बरतने का आह्वान किया

बाकेई ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के लिए हाल के महीनों में अमेरिका की ओर से की गई वार्ता के बारे में कहा कि दूसरे पक्ष ने इस तरह से काम किया है कि बातचीत निरर्थक हो गई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल को चेतावनी दी है कि उसके हमले में देश के सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल हमारे घातक हमले और 'कड़ी सज़ा' के लिए तैयार रहे। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक उसके क्षेत्र में हमले होते रहेंगे। इसी बीच अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायली हमलों के बाद अधिकतम संयम बरतने का आह्वान किया। ग्रॉसी ने सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहा कि मैं दोहराता हूं कि परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा और संरक्षा को खतरे में डालने वाली कोई भी सैन्य कार्रवाई ईरान क्षेत्र और उससे परे के लोगों के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान से बचाने के लिए संदर्भ या परिस्थितियों की परवाह किए बिना परमाणु सुविधाओं पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों का परमाणु सुरक्षा, संरक्षा और सुरक्षा उपायों के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

### ईरान के अराश ड्रोन ने इजरायल के ठिकानों पर किया हमला

**तेहरान।** ईरान के अराश कामिकेज़ ड्रोन ने शनिवार सुबह सटीक निशाना साधते हुए इजरायल में ठिकानों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया।

ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने अपनी रिपोर्ट बताया है कि अराश एक मानव रहित हवाई वाहन या फिर ड्रोन है जिसकी परिचालन सीमा 2000 किलोमीटर से अधिक है। इसे ईरान के सैन्य विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स ने एक बयान में कहा कि उसने इज़रायल में सैन्य केंद्रों और हवाई ठिकानों सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है। ईरान ने इजरायल के हवाई हमलों के बदला लेने के लिए इसे शुरू किया है। गौरतलब है कि इजरायल की ओर से किए गए हमले में ईरान के कई शीर्ष रैंकिंग वाले सैन्य कमांडर, प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक और निर्दोष नागरिक मारे गए थे। ईरान की सेना ने कहा है कि कई अराश कामिकेज़ ड्रोन ने सफलतापूर्वक कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रवेश किया और अपने लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने कब्जे वाले फ़लस्तीन में इजरायल के कई ठिकानों पर कम से कम पांच बैलिस्टिक मिसाइल दागे हैं। इसके कारण देर रात से शनिवार तड़्के तक इज़रायल में अलर्ट सायरन लगातार बजते रहे। ईरानी मीडिया में फुटेज में कब्जे वाले क्षेत्रों में व्यापक मलबे को दिखाया गया है। वहीं, इज़राइल की मीडिया ने इस तबाही को इतिहास में अभूतपूर्व बताया है।

# ईरान के न्यूक्लियर ठिकाने पर फैला रेडिएशन

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा ऐजेंसी ने किया दावा**

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निद. ेशक राफेल ग्रोसी ने पुष्टि की है कि इजरायली हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने पर रेडिएशन और केमिकल लीक हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए राफेल ग्रोसी ने यह जानकारी दी। ग्रोसी ने कहा कि इजरायली हमले में नतांज परमाणु ठिकाने के ऊपरी और जमीनी ढांचा तबाह हो गया है। हालांकि जमीन के भीतर मौजूद यूरेनियम संवर्धन केंद्र को नुकसान पहुंचने के कोई संकेत अभी नहीं मिले हैं।

हालांकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से सेंट्रीफ्यूज प्रभावित हुए होंगे। नतांज साइट पर रेडियोएक्टिव और केमिकल प्रदूषण हुआ है। ग्रोसी ने बताया कि साइट के बाहर मौजूद रेडिएशन सामान्य स्तर का है और उससे पर्यावरण और लोगों को कोई नुकसान नहीं होगा। ग्रोसी ने कहा कि परमाणु केंद्र के भीतर जो रेडिएशन मौजूद है, वह अल्फा पार्टिकल्स हैं, जिन्हें सुरक्षा प्रबंधों से मैनेज किया जा सकता है। एजेंसी ईरान के परमाणु रेगुलेटरी अथारिटी के लगातार संपर्क में है और नुकसान की समीक्षा कर सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। ग्रोसी के अनुसार, ईरान ने उनके परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों की जानकारी दी, जिनमें फोर्डो फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट और एसफहान काम्पलेक्स शामिल हैं। इन केंद्रों का इस्तेमाल यूरेनियम संवर्धन के लिए किया जा रहा है। एजेंसी के प्रमुख ने परमाणु केंद्रों पर हमले पर चिंता जाहिर की और कहा कि परमाणु केंद्रों पर कभी भी हमले नहीं होने चाहिए क्योंकि इससे लोगों के साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इस तरह के हमले परमाणु सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। ईरान की राजधानी तेहरान से 241 किलोमीटर दूर स्थित नतांज परमाणु केंद्र ईरान का यूरेनियम संवर्धन के लिए सबसे अहम केंद्र है। ईरान फिलहाल 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन इसी केंद्र पर कर रहा है। आपरेशन राइ. जंग लायन के जरिए इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों के साथ ही 200 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में ईरान के परमाणु केंद्रों को तो नुकसान पहुंचा ही है, साथ ही ईरान की सेना के कई शीर्ष कमांडर और दो परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं।

# पिज्जा के बढ़े ऑर्डर से हुआ दिलचस्प खुलासा!

## पेंटागन से मिले कुछ खास संकेत

**वाशिंगटन।** इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष अब अपने चरम की तरफ पहुंचता दिख रहा है, जब इजरायल ने ईरान पर एयरस्ट्राइक की तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इजरायल ने अमेरिकी को जानकारी नहीं दी। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को ईरान पर इजरायल के हमले के बारे में 'सबकुछ' पता था।




अमेरिका को पहले से थी इजरायल के ईरान पर हमले की भनक

जब यह पूरा घटनाक्रम शुरू भी नहीं हुआ था तब अमेरिका के सैन्य कार्यालय-पेंटागन में कुछ ऐसा हो रहा था, जिससे दुनिया में कहीं न कहीं कुछ बड़ा होने के संकेत मिलने लगे थे। यह है अमेरिका के सैन्य मुख्यालय के आसपास बड़ी मात्रा में पिज्जा आर्डर्स होना। फिलहाल तो इसे थ्योरी ही माना जा रहा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि पेंटागन में जब कभी ऐसा होता है तब वैश्विक संकट के पैदा होना लगभग तय होता है। इस खास घटनाक्रम को अमेरिका में 'पिज्जा इंडेक्स' का नाम तक दिया गया है। एक्स पर एक अकाउंट है। नाम है- पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट। यह अकाउंट अमे. रिका के आर्लिंग्टन काउंटी में मौजूद पिज्जा डिलीवरी आउटलेट्स में पिज्जा के ऑर्डरों और डिलीवरी की निगरानी रखता है। आर्लिंग्टन काउंटी, वर्जीनिया राज्य में वही जगह है, जहां पेंटागन का दफ्तर है। पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट नाम के अकाउंट का दावा है कि वह स्थानीय पिज्जा की दुकानों पर नजर रखता है और अगर गूगल मैप्स पर इन आउटलेट्स के बाहर जाम की स्थिति या सड़क के व्यस्त होने की स्थिति दिखती है, तो इसका मतलब है कि दुनिया में कहीं कुछ बड़ा होने वाला है।

# विलशायर संघीय भवन की सुरक्षा के लिए 200 मरीन तैनात

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सरकार ने आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद विलशायर फेडरल बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए लॉस एंजिल्स में 200 से अधिक मरीन तैनात किए हैं।

- शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं

'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना के मेजर जनरल स्कॉट शेरमेन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मरीन को नागरिकों के उपद्रव को नियंत्रित करने का पूरा प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें हालांकि संघीय इमारत की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, इसलिए वे केवल उस बिंदु तक ही अशांति को नियंत्रित करेंगे। कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लेंगे। शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जिसमें कैलिफोर्निया आर्मी नेशनल गार्ड के 4,000 से अधिक सैनिक और करीब 700 मरीन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रविवार से तैनात किए गए नेशनल गार्ड सैनिकों ने भी कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लिया है। इनके यहां पहुंचने के बाद से कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ है। उन्होंने संघीय कानून प्रवर्तन कर्मियों ने प्रदर्शनकर्मियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य 500 तैनात मरीन को लॉस एंजिल्स में क्या कार्यभार सौंपा जाएगा। शेरमैन ने कहा कि वह भविष्य के अभियानों के बारे में अनुमान नहीं लगा सकते, लेकिन हालिया प्रशिक्षण संघीय संपत्ति की रक्षा पर केंद्रित रहा है।

# ईरान के पास बातचीत का दूसरा मौका, वरना कुछ नहीं बचेगा: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बीच ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जल्द से जल्द परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए और अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद कर दे। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के पास यह दूसरा मौका है लड़ाई को और बढ़ने से रोकने का वरना कुछ नहीं बचेगा।



वहीं इजरायल ने ईरान पर हमले जारी रखने की बात कही है। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के बीच ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि उनका ईरान पर हमले में कोई हाथ नहीं है, लेकिन ट्रम्प ने कहा कि इजरायल ने उनके हथियारों का इस्तेमाल करके ही ईरान के परमाणु केंद्रों और बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन केंद्रों पर हमला किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया में सबसे खतरनाक हथियार बनाता है। इजरायल के पास ऐसे बहुत सारे हथियार हैं और उन्हें ये भी पता है कि इन हथियारों का कैसे इस्तेमाल करना है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष छिड़ने के बाद अमेरिका ने अपने युद्धक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। ये बदलाव इजरायल की मदद के लिए किया गया है। अमेरिका का डेस्ट्रायर यूएसएस थामस हडनर भूमध्यसागर की तरफ रवाना हो गया है। एक और डेस्ट्रायर भी पूर्वी भूमध्य सागर की तरफ बढ़ रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के हमले के बाद अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर चर्चा करना अर्थहीन है।

# रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा: एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा।

रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात लगभग आठ प्रतिशत घटकर 19.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा।

रिपोर्ट में एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है 'रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की अपनी स्थिति को बनाये रख सकता है।' संगठन के पूर्वानुमानों के अनुसार, 2024-25 कृषि वर्ष में रूस से गेहूं का निर्यात 4.26 करोड़ टन होगा, जो पिछले तीन साल के उसके औसत वार्षिक निर्यात 4.20 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है। अगले फसल वर्ष में यह बढ़कर 4.65 करोड़ टन तक पहुंच सकता है।

# चीन में चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और साल के इस पहले तूफान से देश के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवाएं और भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तूफान आज तड़के पांच बजे 19.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 108.8 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। अभी तूफ़ान 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है और इसके दोपहर तक दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के लेइझोउ से गुआंग्शी के बेइहाई तट तक पहुंचने के आसार हैं।

# विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक जारी

## अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को दे रहे हैं श्रद्धांजलि

**वाशिंगटन/लंदन।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक की लहर है। अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने बड़ी संख्या में हुई मौतों पर दुख जताया है। भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है।

वहीं अमेरिका के मंदिरों और भारतीय-अमे. रिकी संघों में प्रार्थना सभाओं और शोक सभाओं की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया। गुजरात से आए भारतीय अमेरिकियों की बड़ी आबादी वाले ह्यूस्टन में इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स आफ ग्रेटर ह्यूस्टन के संस्थापक सचिव जगदीप अहलूवालिया ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। मैंने पिछले साल ह्यूस्टन और गुजरात के बीच व्यापारिक संबंध बनाने में मदद करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। अहमदाबाद के मूल निवासी और ह्यूस्टन के चिकित्सक डा. पटेल ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद दुर्घटना हुई। मैं वहां मेडिकल स्कूल गया था। कृपया मेरे साथ मिलकर प्रियजनों के प्रति संवेदना और शक्ति प्रकट करें। सभी 242 यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। नासा की भूतपूर्व इंजीनियर और स्थानीय अधिवक्ता डा. वीना अंबरदार ने कहा कि समुदाय हिल गया है। हम सभी लोग इस दर्द को साझा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हर शोक संतप्त परिवार और चौबीसों घंटे काम करने वाली बहादुर मेडिकल टीमों के साथ हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ और ह्यूस्टन में लंबे समय से रह रहे डा. निक निकम ने कहा कि यह दिल दहला देने वाला है। ड्रीमलाइनर 787 ने लाखों मील सुरक्षित उड़ान भरी है। यह पहली घातक दुर्घटना है। मेडिकल छात्रों सहित कई युवा लोगों की जान चली गई। कई सवाल हैं, लेकिन कोई जवाब इस दुख को कम नहीं कर सकता। हमारी प्रार्थनाएं परिवारों और भारत के साथ हैं। ओम शांति। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा कि त्रासदी ने हमारे दिल को तोड़ दिया है। हमारी प्रार्थनाएं एअर इंडिया के यात्रियों के परिवारों, मेडिकल छात्रों, सिविल अस्पताल के निवासियों और कर्मचारियों तथा इसके अधीक्षक डा. राकेश जोशी के साथ हैं।

- इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया

# सिडनी में घर में आग लगने से एक महिला की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के सिडनी में शुक्रवार रात एक घर में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और एक पुरुष को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सिडनी के इनर-वेस्ट में पीटरशैम में एक घर में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 11:50 बजे लग लगी। पुलिस ने आस-पास के घरों को खाली कराया, जबकि अग्निशमन और बचाव दल ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। घर के अंदर एक महिला (82) का शव मिला जबकि दूसरे 57 वर्षीय व्यक्ति का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया।



# महज 500 रुपये लेकर मुंबई जा पहुंची थी दिशा पाटनी

### वर्षों तक परेशान रहीं थी नेशनल क्रश कही जाने वाली दिशा

**मुंबई।** दिशा पाटनी बॉलीवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस एक्ट्रेस मानी जाती हैं। उनके बोल्ड अंदाज और स्टाइलिश लुक के लिए कई लोग उन्हें नेशनल क्रश भी कहते हैं। एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी में प्रियंका झा के किरदार से दिशा ने सबका दिल जीता, वहीं मलंग, भारत और राधे जैसी फिल्मों से उन्होंने पापुलैरिटी हासिल की।

दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1992 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। वो एक कुमाऊंनी राजपूत परिवार से हैं। उनके पिता जगदीश सिंह पाटनी यूपी पुलिस में DSP रह चुके हैं और मां स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी। उनकी बड़ी बहन खुशबू पाटनी भारतीय सेना की पूर्व मेजर हैं और एक छोटा भाई सूर्यांश भी है। दिशा पाटनी को लोग भले ही फैशन आइकान मानते हों, लेकिन खुद दिशा इस टैग को मानने से इनकार करती हैं। रेडिफ को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, मैं थोड़ी टाम बाय हूं। बचपन में मेरे बाल आर्मी कट हुआ करते थे और मैं लड़कों जैसी दिखती थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें आरामदायक कपड़े पहनना पसंद हैं, जैसे बास्केटबाल शार्ट्स, लूज हूडी और टी-शर्ट। दिशा शुरू से पढ़ाई में तेज थीं। उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ से बायोटेक्नोलाजी में इंजीनियरिंग शुरू की थी, लेकिन दूसरे साल में ही ग्लैमर की दुनिया में किस्मत आजमाने के लिए पढ़ाई छोड़ दी। 2018 में एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए दिशा पाटनी ने कहा था, मैं बहुत पॉजिटिव इंसान हूं।

शायद उस वक्त मैं तैयार नहीं थी। मैंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी और मुंबई आ गई थी। एक कॉलेज की लड़की के लिए एक नए शहर में आना, जहां कोई जान-पहचान न हो, आसान नहीं था। मैं अकेले रह रही थी, अपने पैसे खुद कमा रही थी और कभी भी अपने परिवार से पैसे नहीं मांगे। मैं सिर्फ रु. 500 लेकर मुंबई आई थी और कुछ समय बाद मेरे पास बिल्कुल भी पैसे नहीं बचे थे। दिशा पाटनी ने आगे कहा था, मैं बहुत सारे आडिशन देती थी, ज्यादातर टीवी विज्ञापनों के लिए। मेरे ऊपर लगातार यह प्रेशर होता था कि अगर इस महीने कोई काम नहीं मिला, तो किराया कैसे दूंगी। उस समय मुझे जो भी काम मिला, वो सिर्फ काम था, जब तक कि मुझे एक्टिंग से प्यार नहीं हो गया। दिशा पाटनी ने यह भी कहा था कि उन्हें करियर की शुरुआत में कई रिजेक्शन झेलने पड़े। उनकी पहली फिल्म से भी उन्हें हटा दिया गया था, लेकिन वह मानती हैं कि हर रिजेक्शन इंसान को मजबूत बनाता है।

## पांच साल बाद स्क्रीन पर होगी काजोल की वापसी



**मुंबई।** 27 जून को काजोल फिल्म मां के जरिए बड़े पर्दे पर अपना कमबैक कर रही हैं। वो पांच साल के गैप के बाद स्क्रीन पर दिखने वाली है। इस बीच में उन्होंने ओटीटी प्लेटफार्म पर अपना डेब्यू किया और कई अच्छे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में काजोल ने अपने कमबैक, ओटीटी के बढ़ते प्रभाव और पति अजय के साथ काम करने को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। शैतान में अजय ने जिम्मेदार पिता का रोल निभाया था। इसकी अगली कड़ी में मां के रूप में आप हैं। क्या इस ट्राइलाजी की अगली फिल्म में आप दोनों साथ दिखेंगे? वैसे तो पता नहीं लेकिन आपके मुंह में घी-शक्कर। हम जरूर आपकी विश पूरी करने की कोशिश करेंगे। अजय बहुत अच्छे और जिम्मेदार प्रोड्यूसर हैं। वो बहुत ज्यादा इंवाल्वड रहें। वो उन प्रोड्यूसर में से नहीं हैं कि चलो बस पेपर साइन कर दिया। स्क्रिप्ट, फिल्म का क्लाईमैक्स, वीएफएक्स इन सबमें अजय बहुत ज्यादा शामिल थे। वीएफएक्स तो एक अलग ही फिल्म है, जिसमें आपको सब कुछ इमेजिन करना पड़ता है। अजय ने सब कुछ अच्छे से किया। मैं बहुत ज्यादा डरती हूं इसलिए मैं हारर फिल्में देखती नहीं हूं। हारर फिल्म में काम कर लिया है।

## वायरल हो गया सिद्धांत और चै-सू बिन का रोमांटिक वीडियो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और साउथ कोरिया की मशहूर अभिनेत्री चै सू-बिन इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए।

सिद्धांत चतुर्वेदी और चै सू-बिन हाल ही में एक इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए। यह विज्ञापन फिल्मी अंदाज में शूट किया गया है, जिसमें बारिश में उनकी मुलाक.ात किसी रोमांटिक के-ड्रामा जैसी लग रही है। जैसे ही यह विज्ञापन सामने आया, सोशल मीडिया पर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस विज्ञापन को सबसे पहले एक जापानी अकाउंट से शेयर किया गया था और बैकग्राउंड में इंग्लिश इंडी-पॉप गाना बज रहा था। यह कॉम्बिनेशन पूरी दुनिया में छा गया।

## कैंसर सर्जरी के बाद घर लौटीं दीपिका कक्कड़

**मुंबई।** हाल ही में दीपिका कक्कड़ का सेकेंड स्टेज लिवर कैंसर की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के 11 दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज मिल गया है। घर आकर बेटे रूहान से मिलकर वो काफी खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद इंस्टाग्राम पर पहला पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वो फैंस को हेल्थ अपडेट दे रही हैं। साथ ही उन्होंने ट्रीटमेंट में जुड़े सभी डाक्टर्स और फैंस को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया कहा है। दीपिका अपने इंस्टाग्राम पर लिखती हैं- 11 दिन हो गए हैं और अब मैं घर पर हूं। ट्यूमर से फ्री, लेकिन अभी यह ट्रीटमेंट का बस एक हिस्सा था। बाकी का इलाज आने वाले टाइम में होगा। मुझे भरोसा है कि मैं इससे निकल जाऊंगी। जैसा कि मैंने पहले भी कहा था। वो आगे लिखती हैं-11 दिन मुश्किल थे लेकिन हमारे आसपास शानदार लोग थे, जिनकी वजह से चीजें आसानी से हो गईं। तकलीफ तो हुई लेकिन कोकिलाबेन अस्पताल में सबने बड़े प्यार और गर्मजोशी से इसे हैंडल किया।

## बिपाशा ने बॉडी रिमार्क करने वालों को दिया करारा जवाब

**मुंबई।** बिपाशा बसु को उनके बढ़ते वजन के कारण सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। अब एक्ट्रेस ने बाडी-शेमिंग को लेकर लगातार हो रही ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बुरे और दिल दुखाने वाले कमेंट्स से उनकी पहचान या उनकी खुद की अहमियत तय नहीं होती। दरअसल, बिपाशा बसु ने साल 2022 में बेटी देवी को जन्म दिया था।

मां बनने के बाद से ही एक्ट्रेस के बढ़ते वजन के कारण उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच पूर्व मिस इंडिया श्वेता विजय नायर ने बिपाशा को सपोर्ट किया और कहा कि कैसे एक मां को फिजिकली और इमोशनली चीजों को हैंडल करना पड़ता है। इस पोस्ट पर बिपाशा ने भी रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, थैंक्यू आपके शब्दों के लिए। मैं उम्मीद करती हूं कि लोग हमेशा इतने छोटे और नीचे सोच वाले न रहें। वो समझें और मानें कि महिलाएं हर दिन बहुत सी जिम्मेदारियां निभाती हैं, इसलिए उन्हें तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए। मैं एक बेहद आत्मविश्वासी महिला हूं, जिसे एक समझदार और प्यार करने वाला साथी और परिवार मिला है। मीम्स और ट्रोल्स न तो मेरी पहचान बनाते हैं और न ही उन्होंने मुझे वो बनाया जो मैं हूं। लेकिन ए सब समाज की महिलाओं के प्रति सोच का एक बहुत ही चिंताजनक रूप दिखाते हैं। मेरी जगह अगर कोई और महिला होती, तो इतनी नफरत और कटाक्ष से गहरे जख्म खा सकती थी और मानसिक रूप से टूट सकती थी।

अगर हमारी आवाज और मजबूत हो जाए और कम से कम महिलाएं ही एक-दूसरे को समझें और जैसा वे हैं, उसके लिए तारीफ करें तो महिलाएं आगे बढ़ती जाएंगी। हम महिलाएं कोई नहीं रोक सकता। बिपाशा और करण सिंह ग्रोवर ने 30 अप्रैल 2016 को शादी की थी। दोनों की मुलाकात फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी। कुछ समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी की थी। शादी के 6 साल बाद बिपाशा ने बेटी देवी को जन्म दिया था।




देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.)
8384872313
9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

## कई फिल्मों से धमाल मचाने वाले हैं पुलकित

**मुंबई।** पुलकित सम्राट ने अपनी फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर की है। वर्ष 2013 में रिलीज हुई फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर पुलकित ने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर की और अपने इस आइकॉनिक किरदार को याद किया। उन्होंने लिखा, सावधान: यह हनी 12 साल की मीठी यादों के साथ आता है। फुकरापंती जारी रहे। अपने फुकरे परिवार, पूरी कास्ट, क्रू और उन सब जुगाड़ू दिमागों को ढेर सारा प्यार और सबसे बड़ा धन्यवाद हमारे दर्शकों को, जिन्होंने हमारी इस पागलपंती को इतना यादगार बना दिया। ढेर सारा प्यार और शुक्रिया। 12 इयर्स ऑफ फुकरे। फिल्म में पुलकित का किरदार हनी, जो स्मार्ट भी है, जुगाड़ू भी और दिल का अच्छा भी, लोगों के दिलों में बस गया। उसकी दोस्ती, मस्ती और दिल से की गई जुगाड़बाजी ने पूरे एक जनरेशन को हंसी-खुशी से जोड़ दिया। फिल्म में हनी की जोड़ी चुचा, जफर, लाली और भोली पंजाबन के साथ मिलकर कहानी की जान बन गई और हिंदी फिल्मों में दोस्ती की कहानियों को नए सिरे से पेश किया। एक छोटी-सी मजेदार फिल्म से शुरू हुआ यह सफर अब एक पॉप-कल्चर बन चुका है। पुलकित अपने नए प्रोजेक्ट्स के साथ तैयार हैं। ग्लोरी, जो एक बॉक्सिंग ड्रामा है, सुस्वागतम खुशामदीद, एक क्रॉस- कल्चर रोमांस और राहु केतु, जिसकी शूटिंग वह इस वक्त कसोल में कर रहे हैं।

